खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 31 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 357 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 11 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा: योगी पेज 2



पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर खेल टाइम्स



अहिंसा का शाश्वत संदेश: क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर सम्पादकीय



जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

### पुलिस ने लश्कर कमांडर शब्बीर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बांग्लादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था। यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे।

### ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अनिल बलूनी और पार्टी के कई नेता शामिल थे। नेताओं ने आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

# स्पेन ने अमेरिका के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी लगाई रोक

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**स्पेन ने ईरान** के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है।

स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि देश अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं करने देगा। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे,



■ कहा: ईरान के विरुद्ध युद्ध अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ, अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे

हालांकि मानवीय और आपातकालीन उड़ानों को छूट दी गई है। स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला एकतरफा और अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू युद्ध का समर्थन न करने के आधार पर लिया गया है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापारिक कार्रवाई की धमकी दी है। वहीं ईरान ने लेबनान के निष्कासन आदेश को ठुकराते हुए कहा है कि उसका राजदूत बेरूत में ही अपना काम जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि राजदूत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा। दरअसल, लेबनान ने पिछले हफ्ते ईरान के राजदूत मोहम्मद रजा शिबानी को पर्सोना नान ग्राटा घोषित कर 29 मार्च तक देश छोड़ने का निर्देश दिया था।

## ईरान का इजरायल के केमिकल प्लांट पर हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने दक्षिणी इजरायल में एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है।

हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है।

■ जहरीले रिसाव की चेतावनी, लोगों को आदेश, घर में रहें, खिड़कियां बंद रखें

हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं। बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित इस ठिकाने पर हुई घटना में एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया गया हो सकता है। उधर, इराकी सशस्त्र समूह ने यूएस ठिकानों पर हमलों की ज़िम्मेदारी ली। इराकी सशस्त्र समूह 'सराया औलिया अल-दम' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूएस ठिकानों को निशाना बनाते हुए आठ हमले किए हैं।

# जनगणना- 2027 का पहला चरण एक अप्रैल से होगा शुरू

## पहले चरण के लिए 33 सवाल तय, ऑनलाइन पोर्टल पर भी दे सकेंगे जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 का पहला चरण एक अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर फेक (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल





■ लिव-इन कपल्स को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा
■ जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी
■ करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये देशभर में जानकारी जुटाएंगे

### व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय

**नई दिल्ली।** रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने जनगणना अधिनियम की धारा 15 का हवाला देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान जुटाया गया व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति की जानकारी न तो आरटीआई के तहत साझा की जा सकती है, न ही अदालतों में साक्ष्य के रूप में पेश की जा सकती है और न ही किसी अन्य संस्था के साथ साझा की जाएगी।

जानकारी ली जाएगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं कि जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय एक मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और एक मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा -**शेष पृष्ठ दो पर**

# अंगोला से गैस खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

## होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को नहीं गुजरना पड़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में गैस की कमी और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस (एलपीजी) खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है। इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही हैं।

ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है। दरअसल, भारत की 92 फीसदी एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है, तो जहाज अटलांटिक और अरब महासागर होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे। उन्हें होर्मुज स्ट्रेट से नहीं



■ अंगोला सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार

गुजरना होगा। भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल और गैस का व्यापार होता रहा है, इसलिए दोनों देशों के बीच भरोसा और सप्लाई सिस्टम पहले से बना हुआ है। इसी वजह से नई डील करना आसान हो जाता है। अंगोला में गैस उत्पादन होता है और वहां एलपीजी के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन भी मिलते हैं, जिससे भारत को सीधे गैस मिल सकती है। सप्लाई के लिहाज से भी अंगोला सही विकल्प है, क्योंकि समुद्र के रास्ते गैस 12 से 18 दिन में भारत पहुंच सकती है और वहां एक्सपोर्ट की अच्छी सुविधा भी मौजूद है। अंगोला में एनर्जी सेक्टर सरकार के कंट्रोल में है, जिससे सरकारी स्तर पर समझौता करना आसान होता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10 से 15 दिन जल्दी भारत पहुंच सकती है। ऐसे में अंगोला भारत के लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है। अगर यह करार होता है, तो अंगोला पहली बार भारत को रसोई गैस सप्लाई करेगा। भारतीय कंपनियां एलपीजी के लिए करीब एक साल और एलएनजी के लिए कम से कम 10 साल का करार करने पर विचार कर रही हैं।

# तेलंगाना में पैरेंटल सपोर्ट बिल पास

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार बुढ़ापे में माता-पिता को 'बोझ' समझने वाले बच्चों पर अब तक की सबसे बड़ी सख्ती करने जा रही है। राज्य विधानसभा ने पैरेंटल सपोर्ट बिल, 2026' सर्वसम्मति से पास कर दिया। इसके तहत, यदि कोई कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करता, तो उसकी कुल सैलरी में से 15 फीसदी या 10,000 (जो भी कम हो) की कटौती की जाएगी।

देश में पहली बार ऐसा कानून बना है, जिसमें सरकारी के साथ ही प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों, विधायकों, सांसदों और सरपंचों तक को जवाबदेह बनाया गया है।

■ मां-बाप को बेसहारा छोड़ा, तो कटेगी 15% सैलरी
■ पहली बार सांसद-विधायक भी कानून की जद में आएंगे

खास बात यह है कि माता-पिता को इसके लिए कोर्ट नहीं जाना होगा, वे सीधे जिला कलेक्टर के पास आवेदन कर सकेंगे। जांच में शिकायत सही मिलने पर कलेक्टर सीधे कंपनी या विभाग को सैलरी काटकर माता-पिता के खाते में भेजने का आदेश देंगे। विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि मैं एक ऐसे जनप्रतिनिधि को जानता हूं जिसके पिता की कैंसर से मौत हो गई, लेकिन बेटे ने सुध तक नहीं ली। जब माता-पिता की आंखों में आंसू होते हैं, तो वह समाज के पतन का संकेत है। समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए जो सक्षम होकर भी अपनों को छोड़ देते हैं। केरल और असम में भी हैं ऐसे कानून- केरल (2023) - यहां 25 फीसदी तक कटौती का प्रावधान है। मुख्य रूप से उन लोगों पर लागू होता है जिन्हें 'अनुकंपा नियुक्ति' मिली है।

# यूपी समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान के 25 जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, यूपी के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के नैनीताल में सोमवार सुबह बूंदाबांदी हुई। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार सुबह बारिश हुई। वहीं, गुलमर्ग, पहलगाम, यूसमर्ग, गुरेज, रजदान टाप और सोनमर्ग-जोजिला जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। पंजाब के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है।

■ जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में आंधी के साथ बारिश की संभावना




# संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया होगी तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया



■ लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पारित

जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोकसभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाए हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिए गए हैं। क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाई जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान किए गए हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जाएगा। 'कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे।'

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी बसपा


**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से 31 मार्च को लखनऊ स्थित राज्य कार्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई गई है। यह बैठक आगामी चुनावी रणनीति और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बुलाई गई है। बैठक में प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, जमीनी पकड़ और कार्यकर्ताओं की सक्रियता की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक का मुख्य फोकस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और नए मतदाताओं को जोड़ने की योजना बनाना है।

### तृणमूल कांग्रेस नेता काजी अब्दुल रहीम कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनावी सरगर्मियों के बीच बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। टीएमसी के विधायक काजी अब्दुल रहीम ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस महासचिव व पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि रहीम राज्य की राजनीति में एक जाना-माना नाम हैं और अपने क्षेत्र में जनसेवा के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि रहीम आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर अपने क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए काम करना चाहते हैं।

# उप्र में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पहले से बेहतर, एलपीजी वितरण अब भी प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** दो दिनों तक चली घबराहट में हुई खरीदारी के बाद उत्तर प्रदेश में ईंधन आपूर्ति की स्थिति अब काफी हद तक सामान्य हो गई है। राज्य की राजधानी लखनऊ सहित अधिकांश शहरी इलाकों में रविवार तक हालात लगभग सामान्य हो गए, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों और घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरण में अभी भी चुनौतियां बनी हुई हैं।

शनिवार और रविवार को पेट्रोल पंपों पर पहले जैसी लंबी कतारें और अफरा-तफरी नहीं दिखी। लखनऊ में दोपहर बाद तक अधिकांश पंपों पर सामान्य रूप से वाहन ईंधन भरवाते नजर आए। अधिकारियों और पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं थी, बल्कि अफवाहों के कारण मांग अचानक बढ़ गई थी। लखनऊ के जानकीपुरम, विकास नगर और मड़ियांव जैसे इलाकों में, जहां पहले भारी भीड़ देखी गई थी, अब स्थिति पूरी तरह सामान्य रही। यहां ग्राहकों को बिना इंतजार के आसानी से ईंधन मिल रहा है। डीलरों के मुताबिक सप्ताह की शुरुआत में बिक्री में जो असामान्य बढ़ोतरी हुई थी, वह अब घटकर सामान्य स्तर के करीब आ गई है। राज्य भर के आंकड़ों के अनुसार 24 से 27 मार्च के बीच पेट्रोल-डीजल की खपत में तेज उछाल दर्ज किया गया। 24 मार्च को पेट्रोल की बिक्री 19 प्रतिशत, 25 मार्च को 36 प्रतिशत और 26 मार्च को 77 प्रतिशत तक बढ़ गई। 27 मार्च को भी यह 70 प्रतिशत अधिक रही, जो 26 मार्च से सात प्रतिशत कम थी। 26 मार्च को पेट्रोल की बिक्री 2.9 करोड़ लीटर तक पहुंच गई थी, जो 27 मार्च को घटकर 2.78 करोड़ लीटर रह गई। इसी तरह डीजल की खपत भी 36 प्रतिशत, 77 प्रतिशत और 75 प्रतिशत तक बढ़ी, जबकि 26 मार्च को यह 5.1 करोड़ लीटर तक पहुंच गई थी। गोरखपुर रीजन में भी स्थिति में सुधार देखा गया। हालांकि देवरिया और गोरखपुर के कुछ ग्रामीण इलाकों में टैंकरों की आवाजाही में देरी के कारण आंशिक दिक्कतें बनी रहीं। प्रयागराज में भी अधिकांश पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य रही। कमला नगर, कटरा, अलोपीबाग, सोहबतियाबाग, मीरापुर, करेली और सिविल लाइंस जैसे इलाकों में कहीं भी भीड़ नहीं दिखी और लोग सामान्य रूप से ईंधन भरवा रहे थे।

### विदेश नीति पर चिंता जताते हुए प्रमोद तिवारी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने देश की विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध है। तिवारी ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि जिस पाकिस्तान ने पहलगाम जैसी घटनाओं में देश की बहनों का सुहाग उजाड़ने का काम किया, उसी पाकिस्तान को आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यस्थ के रूप में पेश किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात कहना और इस्लामाबाद में संभावित वार्ता को भारत के लिए अत्यंत चिंताजनक बताया। श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'अब की बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था लेकिन आज देश की विदेश नीति को किस दिशा में ले जाया जा रहा है, यह सवाल खड़ा हो रहा है।

# यूपी पुलिस के 1592 आरक्षियों को मिली पदोन्नति, बनाए मुख्य आरक्षी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करते हुए 1592 आरक्षी नागरिक पुलिस को मुख्य आरक्षी (हेड कॉन्स्टेबल) पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति चयन वर्ष 2025-26 में उत्पन्न रिक्तियों के सापेक्ष ज्येष्ठता के आधार पर की गई है। इस बावत पुलिस मुख्यालय की तरफ से सोमवार को आदेश जारी कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक स्थापना अमृता मिश्रा के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक यह निर्णय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 मार्च को जारी चयन परिणाम के आधार पर लिया गया है, जिसे पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित किया गया है। कुल 2271 योग्य पाए गए कर्मियों में से फरवरी 2026 की रिक्तियों के अनुसार 1592 आरक्षियों को पदोन्नति दी गई है। आदेश के अनुसार पदोन्नत मुख्य आरक्षी अपने वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण करेंगे और कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे। यह अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई भी जा सकती है। साथ ही सभी पदोन्नत कर्मियों के लिए मुख्य आरक्षी पद से संबंधित आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। आदेश के मुताबिक पदोन्नति से पहले संबंधित कर्मियों से स्वघोषणा पत्र लिया जाएगा, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके विरुद्ध कोई निलंबन, अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मामला लंबित न हो। यदि किसी कर्मचारी द्वारा गलत जानकारी दी जाती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पदावनति तक की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# यूजीसी पर रोलबैक किया, तो होगा पुरजोर विरोध: आजाद

**सीतापुर, वार्ता**


सीतापुर में सांसद चंद्रशेखर का बड़ा बयान

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद उर्फ रावण सीतापुर में प्रदेश बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है और सभी लोग इससे निजात पाना चाहते हैं। आजाद ने आगे कहा कि यूपी की बीजेपी सरकार घबराई हुई है, इसीलिए वह पंचायत चुनाव समय पर कराने के बजाय आगे के लिए टाल रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आजाद समाज पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है।

चंद्रशेखर आजाद रविवार को लखीमपुर में पार्टी की रैली करने के बाद सीतापुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह पिछले करीब 6 माह से 2027 में होने जा रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी कर रहे हैं। लखीमपुर में उनकी आठवीं रैली है जिसकी सफलता देखकर लोग घबरा उठे हैं। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यूपी में सिर्फ जंगलराज ही नहीं, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, फर्जी एनकाउंटर, नौकरियों की भर्ती में गड़बड़ी से लोग आक्रोशित हैं। अब खुद बीजेपी के विधायक कैमरे के सामने ऐसे गम्भीर आरोप लगा रहे हैं, जिससे स्थिति का अनुमान स्वयं ही लगाया जा सकता है। इन चीजों से निजात के लिए जनता विकल्प की तलाश कर रही है। हम जनता को अच्छा विकल्प देने का प्रयास करेंगे।

## योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन व नियुक्ति पत्र किए वितरित

# यूपी में आंगनवाड़ियों का मानदेय जल्द बढ़ेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


■ सीएम योगी का बड़ा ऐलान, आंगनबाड़ी केन्द्र बनेंगे स्मार्ट, लखनऊ में विपक्ष पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुप्रतीक्षित पहल है, जिससे जमीनी स्तर पर काम करने वाली महिला कार्यकत्रियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि अब हर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पास स्मार्टफोन होना जरूरी है, ताकि कार्यों का रियलटाइम डेटा उपलब्ध हो सके और योजनाओं की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से हो पाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आंगनवाड़ी सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्री-प्राइमरी शिक्षा शुरू की जा रही है। इसके लिए पूर्व में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित करीब 27 हजार केंद्र अब आंगनवाड़ी व्यवस्था को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान देश के भविष्य को संवारने का प्रयास है। यदि नवजात शिशु सुपोषित होगा और मां स्वस्थ होगी, तो देश का भविष्य स्वतः सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और इन योजनाओं की असली वाहक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां ही हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को उनकी भूमिका के अनुरूप 'यशोदा मैया' की उपाधि दी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यशोदा मैया ने भगवान श्रीकृष्ण का पालन-पोषण किया, उसी तरह आज आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां देश के बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही हैं।

### अभिभावकों और विद्यार्थियों के नाम लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक प्रेरणादायक पत्र जारी किया है। योगी की पाती शीर्षक से जारी इस संदेश में उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों और अवसरों के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संदेश में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बच्चों को कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।






सेंसेक्स 71947.55
निफ्टी 22331.40



सोना 146558
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 228149
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1636 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,635.67 अंक (2.22 प्रतिशत) लुढ़ककर 25 महीने से अधिक के निचले स्तर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ जो इसका करीब एक साल का निचला स्तर है।

पश्चिम एशिया संकट और उद्योगों पर उनके प्रभाव के कारण शेयर बाजारों में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स एक हजार अंक से अधिक की गिरावट में खुला। दोपहर बाद बाजार पर दबाव और बढ़ गया। मझौली तथा छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। वृहत सूचकांकों में निफ्टी मिडकैप-50 में 2.68 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 2.66 फीसदी की गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों पर भारी दबाव रहा। ऑटो, मीडिया, एफएमसीजी, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में भी अधिक गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर पांच प्रतिशत से ऊपर टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक लुढ़के। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और सनफार्मा के शेयर दो से तीन प्रतिशत फिसल गए। एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, टीसीएस, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयरों में एक से दो फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### मध्य पूर्व में युद्ध से धड़ाम हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध की वजह शेयर बाजार में लाल निशान पर ट्रेड कर रहा है। इसके साथ ही सोना-चांदी में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। 30 मार्च को एमसीएक्स में सोना और चांदी दोनों ही 1400 रुपये से ज्यादा की गिरावट है। एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,558 रुपये चल रही है। इसमें 697 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने अब तक 1,44,212 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो और 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। चांदी में सुबह भारी गिरावट थी। हालांकि अब 10.30 बजे तक चांदी में रिकवरी आई है। सुबह 10.40 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी की कीमत 2,28,149 रुपये चल रही है। इसमें 195 रुपये प्रति किलो की तेजी है। चांदी ने अब तक 2,25,763 रुपये प्रति किलो का लो और 2,28,786 रुपये प्रति किलो का हाई बनाया है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,860 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 1,47,070 रुपये चल रहा है। सोने के साथ रायुपर में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है।

# पेंशन बढ़ाने पर संवेदनशीलता से कर रहे हैं काम: सीतारमण

**नई दिल्ली, वार्ता**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को लोकसभा में कहा कि कर्मचारी पेंशन निधि के तहत पेंशन पाने वाले कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने पर सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। श्रीमती सीतारमण लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि इस योजना के तहत पेंशन बहुत कम है और इस मामले में उनसे बराबर प्रतिनिधिमंडल मिलने भी आते हैं। उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी है और इस पर सरकार गंभीरता से तथा संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशन कंट्रीब्यूशन के आधार पर तय की जा रही है।

उन्होंने इसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दा बताया और कहा कि इस संबंध में उनसे कई लोग मिल चुके हैं। उनका मनाना है कि वृद्धावस्था में सबको पेंशन मिलनी चाहिए और राशि भी ठीक मिलनी चाहिए लेकिन राशि का निर्धारण तकनीकी आधार पर होता है और जो पैसा आ रहा है वह ज्यादा पेंशन देने के लिए अभी पर्याप्त नहीं है। अभी जो पैसा है उसके हिंसाब से 10000 देना भी संभव नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में चर्चा चल रही है और इसमें समय लग रहा है, क्योंकि धर्म संकट यह है कि जो राशि अर्जित हो रही है वह पर्याप्त नहीं है। इस पर विचार चल रहा है और सब स्थितियों को देखने परखने के बाद इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे इससे जुड़े एक सवाल पर कहा कि असंगठित क्षेत्र में पेंशन की फिलहाल कोई योजना नहीं है।







# कांग्रेस ने असम के लोगों को दी पांच गारंटी

■ खड़गे ने पांच सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र लॉन्च किया, हिमंत बिस्वा सरमा के परिवार पर बड़ा आरोप

**लखीमपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम की जनता को पांच गारंटियां दी है। कांग्रेस ने असम में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विधानसभा चुनावों में पांच-सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र जारी किया है, जैसा कि उसने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान घोषित किया था। ये पांच गारंटियां असम की जनता की सुरक्षा और विकास के लिए हैं। खड़गे ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार आती है, तो वह हर महिला को 50,000 रुपये देगी और हर परिवार को 25 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस देगी। वह 100 दिनों के अंदर जुबीन गर्ग के परिवार को इंसाफ दिलाएगी। खड़गे ने कहा कि इस बार हिमंत बिस्वा सरमा को हटाना ही होगा। इस बार चुनावी लड़ाई कांग्रेस और बीजेपी के बीच नहीं होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**जनगणना- 2027...** कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहला चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना है, जिसमें घरों की सूची बनाना और उनकी गिनती करना शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज एक अप्रैल से 30 सितम्बर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल, जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था। यह अब 2027 में पूरी होगी। सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये एप एंडरॉयडऔर आईओ दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5 फीसदी पुरुष और 48.5 फीसदी महिलाएं थीं।

# अलग-अलग धर्मों के लड़का-लड़की साथ रह सकते हैं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**


■ लिव इन रिलेशनशिप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत अंतरधार्मिक जोड़े का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना कोई अपराध नहीं है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक जोड़े द्वारा सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 और साल 2021 के अधिनियम को ध्यान में रखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि अंतरधार्मिक जोड़े का (लिव-इन रिलेशनशिप) में रहना कोई अपराध है। अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ताओं ने कोई अपराध नहीं किया है, तो कोर्ट को ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि उनकी सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग को क्यों न स्वीकार किया जाए। कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकार का दर्जा कहीं अधिक ऊंचा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता अंतरधार्मिक जोड़े की याचिका को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति याचिकाकर्ताओं की इच्छा के विरुद्ध या किसी भी कपटपूर्ण तरीके, बल, ज़बरदस्ती, प्रलोभन, अनुचित प्रभाव अथवा गलत बयानी के माध्यम से उनका धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करता है, तो याचिकाकर्ता इसकी रिपोर्ट या शिकायत पुलिस में दर्ज करा सकते हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम युवक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से मांग कि थी कि कोर्ट कोई आदेश जारी करे, जिसमें प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाए कि वो दोनों के शांतिपूर्ण जीवन और स्वतंत्रता में दखल न दें और साथ ही उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि एक बार जब कोई व्यक्ति बालिग हो जाता है, तो वह जिसके साथ चाहे रह सकता है और उसकी इस पसंद में कोई भी दखल नहीं दे सकता।

# भाजपा-एलडीएफ साथ काम कर रहे: राहुल गांधी

■ सबरीमला मामले पर मौन रहे पीएम

**पथानामथिट्टा (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने अपने केरल दौरे के दौरा सबरीमला मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, जो इस बात का संकेत है कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) असल में भाजपा के नियंत्रण में है।

अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने दावा किया कि नौ अप्रैल के लिए निर्धारित विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। एलडीएफ पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया और दोनों पार्टियों को यूडीएफ की विरोधी ताकतों के तौर पर दिखाया। उन्होंने कहा कि भाजपा-एलडीएफ फ्रंट यूडीएफ के उलट है और इसीलिए भाजपा केरल में यूडीएफ को सत्ता हासिल करने से रोक रही है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाल ही में सबरीमला में हुई सोने की चोरी के बारे में बताने की चुनौती दी और सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने इस घटना को नजरअंदाज क्यों किया। उन्होंने भाजपा-सीपीएम के रिश्ते को मिलीभगत का सबूत बताया और भरोसा दिलाया कि सोने की चोरी में शामिल लोगों को उसी हिसाब से सजा मिलेगी। गांधी ने केरल की धार्मिक एकता की परंपरा की भी तारीफ की और बताया कि कैसे मलयाली एकजुट होकर पूरे देश में एक मजबूत संदेश देते हैं।

# मुख्यमंत्री ने गोसेवा के लिए जारी किए 20.26 करोड़ रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में पशु कल्याण को सुदृढ़ करने और निराश्रित गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में गायों की सेवा, संरक्षण और संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए राजधानी की गौशालाओं को लीज एक्सटेंशन समझौते के प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर गौशालाओं में आधुनिक बायोगैस इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता भी वितरित की गई।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की पशुपालन इकाई के तहत चल रही चार गौशालाओं सुल्तानपुर डबास, रेवला खानपुर, हरेवली और सुरहेड़ा के प्रति. निधियों को चारा भुगतान, बकाया रकम और लाइसेंस/लीज नवीनीकरण से जुड़े आदेश दिए। ये गौशालाएं स्थानीय निकायों द्वारा लाए गए निराश्रित गौवंश की देखभाल, भोजन और इलाज की व्यवस्था करती हैं।

दिल्ली सरकार ने इस पहल के तहत कुल लगभग 20.26 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसमें 7.64 करोड़ रुपये जून 2024 से मार्च 2025 तक के बकाया भुगतान के लिए और 12.62 करोड़ रुपये अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक के चारे के खर्च के लिए दिए गए हैं। साथ ही, चारों गौशालाओं के लंबे समय से लंबित लाइसेंस और लीज समझौते भी नवीनीकृत कर दिए गए हैं ताकि वहां गौवंश को लगातार भोजन, सुरक्षित रहने की जगह और बेहतर इलाज मिल सके। इस पहल का उद्देश्य गोबर से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता को भी सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली सरकार निराश्रित गौवंश की समुचित देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है और गौशालाओं के माध्यम से इस दिशा में ठोस कार्य कर रही है। प्रथम चरण में 10 आधुनिक गौशालाओं के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जहां निराश्रित गौमाता की सेवा, संरक्षण और संवर्धन को सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य शीघ्र ही 40 गौशालाओं को सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस करना है ताकि सेवा, गोबर से ऊर्जा उत्पादन और स्वच्छता के इस अभियान को व्यापक स्तर पर लागू किया जा सके।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार दिल्ली की गौशालाओं को केवल पशु आश्रय स्थल नहीं, बल्कि सेवा और करुणा के जीवंत केंद्रों के रूप में देखती है। इन गौशालाओं द्वारा निभाया जा रहा दायित्व सराहनीय है क्योंकि वे इन मूक प्राणियों को न केवल आश्रय बल्कि चिकित्सा और पोषण भी प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली सरकार द्वारा गौशालाओं को बकाया धनराशि जारी करना और लंबे समय से लंबित लाइसेंसों का नवीनीकरण करना इस बात का प्रमाण है कि गौवंश की सेवा में किसी भी वित्तीय या प्रशासनिक बाधा को आड़े नहीं आने देगी।

## 100 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर जरूरी होगा वर्षा जल संचयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भूजल स्तर को बचाने और पानी की कमी से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के निर्देशों के बाद दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी प्लॉटों पर वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) सिस्टम लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है।

डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर डॉ. अनवर अली खान ने एनजीटी के 4 नवंबर 2025 के आद. श के अनुपालन में रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक, नियमों का उल्लंघन करने या सिस्टम का सही रखरखाव न करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। दिल्ली सरकार ने वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाने के लिए जुर्माने की स्पष्ट व्यवस्था प्रस्तावित की है।

# सिरसा ने किय14 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे विकास कार्यों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में लगभग ₹14 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों, जिनमें पेयजल एवं सीवेज लाइनों का पुनर्निर्माण, पीडब्ल्यूडी सड़कों का सुदृढ़ीकरण तथा पार्कों का सौंदर्यीकरण शामिल है, का शुभारंभ माननीय कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा किया गया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि

दिल्ली सरकार ने इस वर्ष बुनियादी ढांचे के लिए ₹32,000 करोड़ का कैपिटल एक्सपेंडिचर निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष के ₹30,000 करोड़ से भी अधिक है। यह निवेश दिल्ली के हर क्षेत्र में बदलाव लाने वाला साबित होगा।" उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि, "10-11 वर्षों के कुशासन के कारण जो दूषित पानी और सीवेज की समस्याएं हमें विरासत में मिली थीं, उनसे अब दिल्ली की जनता को जल्द ही राहत मिलने वाली है।"

स्थानीय निवासियों और आरडब्लूए का आभार व्यक्त करते हुए मंत्री सिरसा ने कहा, कि "आपने हमें सेवा का अवसर दिया है। हमने वादा किया था कि क्षेत्र की हर सड़क, हर नाला-नाली, हर सीवरेज और पानी की लाइन को दुरुस्त करेंगे और हम उस वादे को पूरा कर रहे हैं।" उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए बड़े पैमाने पर संसाधनों की आवश्यकता होती है। "विधायक को मिलने वाले फण्ड से बड़े बदलाव संभव नहीं हैं। इसके लिए रेखा गुप्ता जी की सरकार हर विधानसभा क्षेत्र के लिए रु 100करोड़ से अधिक का फण्ड विकास कार्यों के लिए जारी कर रही है।" मंत्री सिरसा ने जानकारी दी कि राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में पहले ही वर्ष में लगभग ₹175 करोड़ के विकास कार्य चल रहे हैं। "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पौने दो सौ करोड़ रुपये के काम पहले ही शुरू हो चुके हैं, और इस वर्ष भी हम इसी स्तर का निवेश लेकर आएंगे।"उन्होंने आगे आश्वस्त किया कि क्षेत्र की कोई भी सड़क उनके कार्यकाल में अधूरी नहीं रहेगी। "मेरे कार्यकाल में विधानसभा की कोई भी सड़क ऐसी नहीं बचेगी जिसे रिडेवलप न किया जाए। बाहरी च्वे सड़कों के साथ-साथ अंदर की सभी गलियों और बैकलेन का भी नवीनीकरण किया जा रहा है।" मंत्री ने स्थानीय विकास को और सुदृढ़ करने के लिए नई पहलों की भी घोषणा की।

# विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 30 मार्च, 1919 के ऐतिहासिक रौलेट सत्याग्रह की वर्षगांठ के अवसर पर, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को आज ही के दिन हुई पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में घटित उस ऐतिहासिक घटना से अवगत कराया। गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित कॉफी टेबल बुक, श्शताब्दी यात्राख्रवीर विट्ठलभाई पटेलश भी राष्ट्रपति को भेंट की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने कहा, स्मृति का दीप जलाए रखे, यह शहीदों की शहादत है, इसके प्रकाश को कभी कम नहीं होने देना। आज की पीढ़ी को याद रहे इसीलिए यह लौ सदैव जलती रहनी चाहिएष राष्ट्रपति ने इस मुलाकात के दौरान देश की युवा पीढ़ी को यह संद. श दिया कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में करियर के प्रति जागरूक होना सराहनीय है।

आप डॉक्टर, वकील, प्रोफेसर या वैज्ञानिक जो भी बनना चाहें, मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। हालांकि, मैं आपसे आग्रह करती हूं कि हमेशा श्राष्ट्र प्रथमश की भावना रखें। आप जीवन में जो भी बनें, देशभक्ति का जज्बा और शहीदों की यादें अपने दिल से कभी ओझल न होने दें।ष 1919 के दिल्ली नरसंहार में शहीद हुए लोगों के प्रति संवे. दना व्यक्त करते हुए उन्होंने इस इतिहास को संकलित करने के विधानसभा के प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति ने 1919 की घटना के ऐतिहासिक वृत्तांतों की समीक्षा की और भारत की स्वतंत्रता यात्रा में इसके गहरे महत्व को समझा। उन्होंने इस विरासत को संरक्षित करने पर जोर देते हुए कहा, ष्हमें यादों की मशाल जलाए रखनी होगी। शहीदों का बलिदान इस मशाल का ईंधन है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आज की पीढ़ी उस भारी कीमत को समझे जो हमारी आजादी के लिए चुकाई गई थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम की यह ऐतिहासिक घटना वर्तमान दिल्ली विधानसभा (तत्कालीन सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली) की दीवारों के भीतर दमनकारी रौलेट एक्ट पारित होने के विरोध में हुई थी।



**ऐतिहासिक रौलेट सत्याग्रह की वर्षगांठ के अवसर पर, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट करते हुए।**

## सोशल मीडिया पर किया हथियार का प्रदर्शन, आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ ने सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले आरोपी गिरफ्तार किया है। दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्वीरें और वीडियो अपलोड किए थे, जिनमें उसे हथियार लहराते हुए देखा गया था;इस मामले को गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर कमलेश कुमार के नेतृत्व में एसआई,राकेश, एएसआई करतार, हेड कांस्टेबल कुलदीप, सुधीर, कांस्टेबल. रवि और हेमराज की टीम ने सोशल मीडिया निगरानी और मानवीय सूचना की मदद से, आरोपी रितिक खराब (26) को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### एडवांस्ड लर्निंग इकोसिस्टम किया मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आकाश इंस्टीट्यूट ने लाजपत नगर, नई दिल्ली में अपने इनविक्टस कैंपस के उद्घाटन की घोषणा की। इससे राष्ट्रीय राजधानी में संस्थान की शैक्षणिक उपस्थिति और मजबूत हुई है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को बेहतर और आधुनिक पढ़ाई के माहौल तक पहुंच आसान हुई है। उद्घाटन के बारे में डॉ. यश पाल, चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड ने कहा, "दिल्ली हमेशा से एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र रही है जहां छात्र बेहद मजबूत महत्वाकांक्षा और प्रतिस्पर्धी भावना के साथ तैयारी करते हैं।हमारा फोकस सिर्फ आधुनिक सुविधाएं देने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक अनुशासित और व्यवस्थित इकोसिस्ष्टम तैयार करना है जहां छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए जरूरी मार्गदर्शन, अभ्यास और कॉन्सेप्ट की स्पष्टता मिल सके।

### नेपाल के 7 महीने के शिशु को मिली नई जिंदगी

**नई दिल्ली।** नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने एक सात महीने के गंभीर रूप से बीमार शिशु का सफलतापूर्वक इलाज कर उसे नई जिंदगी दी। नेपाल निवासी यह बच्चा जन्मजात लीवर रोग बिलियरी एट्रेसिया और जीवन-खतरनाक मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हेमरेज) से जूझ रहा था। जन्म के शुरुआती दिनों में ही बच्चे में पीलिया और क्ले-कलर्ड स्टूल जैसे लक्षण दिखे, जिसके बाद जांच में बिलियरी एट्रेसिया की पुष्टि हुई। जुलाई 2025 में नेपाल में सर्जरी करवाई गई, लेकिन इसके बावजूद लीवर की स्थिति लगातार बिगड़ती गई और बच्चे को बिलियरी सिरोसिस व पोर्टल हाइपरटेंशन हो गया। डॉ. संजय गोजा के अनुसार, लीवर की खराबी के कारण रक्त जमने की क्षमता प्रभावित हो रही थी, जिससे मस्तिष्क में भी रक्तस्राव हुआ। ऐसे में लीवर प्रत्यारोपण न केवल जीवन बचाने बल्कि न्यूरोलॉजिकल नुकसान को रोकने के लिए भी आवश्यक था।

### इत्ती सी खुशी में शामिल हुई भूमिका गुरंग

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अब एक दिलचस्प मोड़ लेने जा रहा है, क्योंकि इसमें शामिल हो रही हैं अभिनेत्री भूमिका गुरंग, जो निभा रही हैं सारा सेठी का किरदार। सारा का आगमन शो में ग्लैमर, अनपेक्षित मोड़ और भावनाओं का तूफान लेकर आएगा। अपनी दमदार मौजूदगी और परतदार शख्सियत के लिए जानी जाने वाली सारा की एंट्री रिश्तों को हिला देगी और कहानी की दिशा को बिल्कुल नए अंदाज में बदल देगी।

### आंखो की जांच कर चश्मे किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तेनगुरिया प्रजापति वेलफेयर ट्रस्ट (रजि), द्वारा मुल्तानी हांडा चौक,पहाड़गंज पर एक कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे निशुल्क शुगर की जांच और आंखो की जांच की गयी, और जिनको चश्मे की जरूरत थी ऐसे लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। संस्था द्वारा समाज सेवा करते हुए एक कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे करीब 150 लोगों की शुगर चौक की गयी,और उनको शुगर से बचाव के उपाय भी बताये गए स इसके अलावा करीब 200 लोगों की आंखो की जांच की गयी और करीब 100 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरीत किए गए स कैम्प मे संस्था से जुड़े। पूरनचंद गोला, आंनद कुमार, शिव कुमार, विजय कुमार, पवन कुमार, विना. द कुमार इन्दोरिया, सुनील मल्होत्रा, परवीन कुमार, प्रेम कुमार,धर्मेंद्र कुमार, सत्या, राजेश कुमार, अरुण वासन, तन्मय, अजय गोला उपस्थित थे।

### 50वां यूनाइटेड पॉम संडे प्रोसेशन निकाला



**नई दिल्ली।** क्रिश्चियन यूथ लीग द्वारा 50वा यूनाइटेड पॉम संडे प्रोसेशन धूमधाम और हर्ष से सेंट थॉमस मार्थोमा सीरियन चर्च से निकाला गया और इसका उद्घाटन आर्च बिशप अनिल जोसफ थॉमस कुटो द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेवरेंड के पी जॉन्सन, रेवरेंड जोएल अब्राहम, रेवरेंड चार्ल्स डेविड, रेवरेंड मैथ्यूज मसीह, रेवरेंड डेविड के सिंह, रेवरेंड मॉरिस डेविड(डी एस मेथोडिस्ट चर्च) रेवरेंड याकूब मसीह, रेवरेंड अनिल डेविड, रेवरेंड डेविड मसीह, रेवरेंड परमजीत वालिया, रेवरेंड राजेश गिरधर, पास्टर सुमन गिरधर, रेवरेंड सुनीता एल्गिन सिंह, पास्टर रमन द्वारका से, पास्टर परवीन कुमार, मिसिस मीनाक्षी सिंह , रेवरेंड ऋषभ ओबेरॉय, रेवरेंड गुलशन गंभीर और सभी चर्चेज के पास्टर, बिशप, लीडर शामिल थे।

## रिज फॉरेस्ट पर अतिक्रमण 16 अवैध घर हटाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आयानगर इलाके में रिज फॉरेस्ट की जमीन पर हुए अतिक्रमण को लेकर वन विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। इस मामले में विभाग ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में रिपोर्ट दाखिल करते हुए बताया कि यहां बने 16 अवैध घरों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वन विभाग के अनुसार, आयानगर गांव की यह जमीन साल 1994 और 1996 की अधिसूचनाओं के तहत रिजर्व्ड फॉरेस्ट घोषित की जा चुकी है। इसलिए इस जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण या खेती करना कानूनन गलत है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ लोगों द्वारा किए जा रहे मालिकाना हक के दावे मान्य नहीं हैं।

# भारतीय गोल्फ को मिला एक्सिस बैंक का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की।

इस साझेदारी का मकसद भारत में प्रोफेशनल गोल्फ को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह एक्सिस बैंक की खेलों और समाज के लिए योगदान की प्रतिबद्धता को भी दिखाता है।

इस साझेदारी के जरिए, एक्सिस बैंक इस सीजन में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सभी गोल्फ टूर्नामेंट का समर्थन करेगा। इसका मकसद है कि नए गोल्फ खिलाड़ी आसानी से अपने हुनर को बढ़ा सकें और पूरा देश गोल्फ खेल में रुचि ले। यह सहयोग खिलाड़ियों को ज्यादा मौके देने, टूर्नामेंट का अनुभव बेहतर बनाने और दर्शकों को खेल के करीब लाने में मदद करेगा।

इस साझेदारी के बारे में एक्सिस बैंक के कार्यकारी निद. शक मुनिश शरदा ने कहा कि हमें डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर बनने की बहुत खुशी है। गोल्फ खेल सटीकता, अनुशासन और बेहतरीन प्रदर्शन का प्रतीक है- और ये गुण हमारे बैंक के भी हैं। यह साझेदारी हमें भारत के खास ग्राहकों के साथ जुड़ने में मदद करती है, जहां लोग गोल्फ खेल से बहुत जुड़े हुए हैं। हम चाहते हैं कि भारत में प्रोफेशनल गोल्फ और बेहतर बने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का समर्थन किया जाए।

प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि एक्सिस बैंक को डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया का टूर पार्टनर बनाया गया है। हम एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अमिताभ चौधरी का भी धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने इस साझेदारी को संभव बनाया।

# पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए: सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आईजीएल, शहरी विकास विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड तथा दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री ने बताया कि दिल्ली में पीएनजी कनेक्शन के विस्तार को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। साथ ही विभाग द्वारा डोर-टू-डोर सघन अभियान चलाकर दिल्ली के लोगों को पीएनजी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। सूद ने कहा कि राजधानी के कई क्षेत्रों में अब भी लोग पारंपरिक गैस सिलेंडरों और चूल्हों पर निर्भर हैं, जबकि पीएनजी एक सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प है। इसमें सिलेंडर बु. कंग या प्रतीक्षा जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलती है और आपूर्ति निर्बाध रहती है।उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में अभी पीएनजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। अनधिकृत कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान के माध्यम से लोगों को पीएनजी के लाभों से अवगत कराया जाएगा।

# हिमाचल के राज्यपाल ने की प्रधानमंत्री से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हिमाचल के राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। राज्यपाल के रूप में प्रदेश का कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त प्रधानमंत्री के साथ उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट है।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश के विकास और जनकल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया। उन्होंने 'नशा-मुक्त हिमाचल अभियान' और 'टीबी-मुक्त हिमाचल अभियान' जैसे महत्वपूर्ण पहलों से प्रधानमंत्री को अवगत करवाया। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देना है। राज्यपाल ने कहा कि



हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है। लोगों को प्राकृतिक खेती पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे बड़ी संख्या में किसान और बागवान रसायन मुक्त कृषि पद्धति को अपना रहे हैं। उन्होंने इन पहलों को और अधिक बढ़ावा देने तथा विस्तार प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# व्यापार एवं उद्यमिता को किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की विविध सांस्कृतिक परंपरा में आपसी मेलजोल, संवाद और सामाजिक सहभागिता की अहम भूमिका रही है। अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग जब एक साथ आकर स्थानीय व्यापार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हैं, तो यह न केवल आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देता है, बल्कि सामा. जिक एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है। इसी कड़ी में दरीयागंज स्थित अयाज परफ्यूम के शो-रूम पर एक प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की।

फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत और ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट फिरोज अहमद अंसारी, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान तथा प्रिंस ज्वेलर्स, प्रीत विहार के डायरेक्टर डॉ. जी. बी. एस. चौहान शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने शो-रूम का अवलोकन किया और विभिन्न परफ्यूम उत्पादों की खरीदारी भी की। इस दौरान अयाज परफ्यूम के सीएमडी डॉ. हकीम अयाजुद्दीन हाशमी (एडवोकेट) ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने शो-रूम का अवलोकन किया और विभिन्न परफ्यूम उत्पादों की खरीदारी भी की। इस दौरान अयाज परफ्यूम के सीएमडी डॉ. हकीम अयाजुद्दीन हाशमी (एडवोकेट) ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने उत्पादों की गुणवत्ता, सुगंध और प्रस्तुति की सराहना की।

## शब्बीर अहमद लोन को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तारी के बाद पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी दिल्ली बॉर्डर पर एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लोन पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देश पर भारत में लश्कर-ए-तैयबा के एक नए मॉड्यूल को सक्रिय करने की कोशिश कर रहा था।

# स्थायी समिति की बैठक में हंगामे पर सत्या शर्मा ने जताई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने सोमवार को आयोजित स्थायी समिति की बैठक में आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा किए गए हंगामे की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान जिस प्रकार से व्यवधान उत्पन्न किया गया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संस्थागत कार्यप्रणाली के प्रति अनादर को भी दर्शाता है।

स्थायी समिति अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों का यह रवैया नया नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने निगम के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित नहीं होने दिया और अब विपक्ष में आने के



बाद भी वही प्रवृत्ति जारी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आचरण जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न करता है और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावित करता है। श्रीमती सत्या शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने जानबूझकर बेबुनियाद मुद्दे उठाकर हंगामा किया, जिससे बैठक के एजेंडे में शामिल महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा प्रभावित हुई। विशेष रूप से, नौ सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से संबंधित प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं होने दी गई, जो कि एक आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा था।

## एम्स नर्सिंग की पूर्व छात्रा निशा मेहता नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री बनी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पूर्व छात्रा निशा मेहता को नेपाल का स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किए जाने पर एम्स ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे नर्सिंग समुदाय के लिए गर्व का विषय है। निशा मेहता ने 2006 से 2010 के बीच एम्स से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। उनकी नियुक्ति यह साबित करती है कि नर्सिंग पेशा केवल मरीजों की देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य नीतियों और सिस्टम निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एम्स ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और नेपाल में उनके सफल कार्यकाल और जनस्वास्थ्य में योगदान की शुभकामनाएं दी हैं।

# टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ने शुरू किया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टाटा पावर, अपनी कौशल विकास शाखा टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट के माध्यम से, आईसीआईसीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी में प्रयागराज में





एक नया प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया है। इस पहल का विस्तार पूरे देशभर में करने के लिए कंपनी तैयार है। इस केंद्र का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और महिलाओं को बिजली, अक्षय ऊर्जा और संबद्ध क्षेत्रों में उद्योग के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। भारत में भविष्य के लिए तैयार कार्यबल की मांग लगातार बढ़ रही है, टाटा पावर की यह पहल उसे पूरा करने में सहायक साबित होगी। इस केंद्र का उद्घाटन सुश्री सौम्या अग्रवाल (आईएएस), कमिश्नर, प्रयागराज और हिमल तिवारी (सीएचआरओ, प्रमुख ख्र सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर, टाटा पावर) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अशोक पांडा, सीईओ, पीप. ीजीसीएल और आलोक प्रसाद, प्रमुख ख्र टीपीएसडीआई भी उपस्थित रहे।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन ने सीएमओ को दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन/ विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी। संस्था की ओर से डॉक्टर अखिलेश मोहन को अंग वस्त्र फूलों की माला पुष्प कुछ तलवार भेंट कर उनके कार्य को सराहना करते हुए ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी आज जीवन के एक नए पड़ाव में प्रवेश कर रहे हैं। वे भले ही पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, मगर उनका अनुभव, मेहनत, ईमानदारी हम सबका सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी और हमें सेवा भाव के लिए प्रेरित करती रहेगी। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे उन जैसे कर्मठ व ईमानदार अधिकारी को जानने व उनसे सीखने का अवसर मिला।

चिकित्सा के क्षेत्र में गाजियाबाद में उन्होंने जो सेवा की, उसके लिए गाजियाबाद की जनता उनकी हमेशा आभारी रहेगी। अपने कार्यकाल में जिला अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का जो प्रयास किया, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। यह उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज जिला एमएमजी अस्पताल व संयुक्त अस्पताल में चिकित्सा की ऐसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हो गई हैं, जिनकी कल तक किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। आज गाजियाबाद के सरक. ारी अस्पतालों में जो आधुनिक चिकित्साएं उपलब्ध हैं, उनका प्रतिदिन हजारों गरीब लोगों को फायदा मिल रहा है।

उनके अनुभव व सेवा भाव ने बहुत से लोगों को सेवा की राह दिखाई है। उनके अनुशासन, धैर्य, मुश्किल समय में शांत रहकर समस्याओं का समाधान खोजने जैसे गुणों ने हम सभी को यह सीख दी है कि जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से ही आगे बढा जा सकता है और अपनी मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी उनके सुखद, स्वस्थ और तनावमुक्त सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं।

# दिल्ली पुलिस में चयन होने पर रालोद नेताओं ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के गांव रोरी के मोहित जाटव को दिल्ली पुलिस में चयन होने पर राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा स्वागत और अभिनन्दन बुके व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने मोहित जाटव के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेट देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि मोहि. हत ने गरीबी से लड़ते हुए शिक्षा और मेहनत के बल पर मुकाम हांसिल किया है ।स्वागत व सम्मानित करने वालों में प्रमुख रूप से रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र जाटव जिला अध्यक्ष एस.सी प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, जगदीश कोरी कृष्णापुरी, हरिदत्त कसाना, किशनलाल शर्मा, रामलाल कोरी, प्रधान ऋषिराज वाल्मीकि मौजूद रहे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में नेशनल ट्रिपल 'ओ' सिम्पोजियम समारोह का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग के द्वारा आयोजित 23वें नेशनल ट्रिपल-'ओ' सिम्पोजियम का गरिमामय समापन हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आये 500 से अधिक प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक, एमडीएस विद्यार्थी एवं निजी दंत चिकित्सकों की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को अत्यधिक सफल एवं ऐतिहासिक बनाया।

आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन से इस तीन दिवसीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गए। इनमें डॉ. हेमंत उमरजी, लेगेसी स्पीकर, डॉ. राजीव देसाई, मुख्य वक्ता, डॉ. एन गुरूराज, डॉ. सुजाता मोहंती, डॉ. शीतल चौधरी, डॉ. अजय सिंह परिहार, डॉ. गिगी थॉमस, डॉ. पुनीत आहूजा, डॉ. मनु ढिल्लन, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. जुनैद अहमद एवं डॉ. वरूण कुंटे जैसे विख्यात विशेषज्ञ शामिल रहे।

संस्थान के डायरेक्टर -प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, विशेषज्ञ वक्ताओं, साइंटिफिक कमेटी, आयोजन कमेटी, प्रशासनिक स्टाफ एवं वोलेनटियर विद्यार्थियों के प्रति गहन आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी ऐसे उत्कृष्ट शैक्षिक मंचों का आयोजन करता रहेगा। डॉ प्रशांत शेनॉय. प्रेसिडेंट (IAOMR) और डॉ अविनाश तेजस्वी, जनरल सेक्रेटरी, (IAOMR) ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए संस्थान का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस सफल आयोजन की सफलता में IAOMR, विभिन्न साइंटिफिक कमेटी, दंत चिकित्सकों और समस्त सहयोगी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अंत में सभी अतिथि वक्ताओं ने तथा सभी प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन के आयोजन के लिये आई.टी.एस-द एजुक. ेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

# पीएनबी के सर्किल ऑफिस में हुआ हैकाथान प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पीएनबी बैंक के सर्किल ऑफिस पर एक राष्ट्रीय स्तर का हैकाथॉन, कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (CSI), SRM दिल्ली NCR चैप्टर द्वारा PNB सर्किल ऑफिस गाजियाबाद में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय युवाओं की तकनीकी क्षमता और नवाचार को प्रोत्साहित करना था, जिसमें देशभर के 120 से अधिक कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व Parth Mongia और Arpit Verma ने किया, जबकि श्रपजमदकंत ैपदही ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस आयोजन की सफलता में Punjab National Bank Circle Office ghaziabad का महत्वपूर्ण योगदान रहा। PNB के मण्डल अध्यक्ष राजिंदर कुमार भाटिया ने न केवल अपना प्रतिष्ठित स्थल उपलब्ध कराया, बल्कि अपने सहयोग, मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के माध्यम से युवाओं को प्रेरित, उत्साहित और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। 60 लाख रुपये से अधिक के प्राइज पूल के साथ, Hackstasy ने प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान किया। विजेताओं को जॉब अवसर भी प्राप्त हुए, जिससे यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि करियर निर्माण का माध्यम भी बना। यह हैकाथॉन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत साबित हुआ।

# छाया पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित बच्चों ने किये नए कीर्तिमान स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित प्रतिष्ठित छाया पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल आज घोषित किया गया जिसमें अलग-अलग कक्षाओं में बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर नई कीर्तिमान स्थापित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया की सभी कक्षाओं का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा प्ले वे में वैष्णवी, नर्सरी हर्षित, एल के जी लक्ष्य, यूकेजी वीवान, फर्स्ट क्लास आरोही, सेकंड क्लास रितेश, थर्ड क्लास मानवी, फोर्थ क्लास करण, फिफ्थ क्लास श्रद्धा, सिक्स क्लास देव, सेवंथ भव्य,आठवी देवेसी, नवी तनिष्का बंसल 11वीं कॉमर्स स्वाति ग्यारहवीं साइंस तपस्वी सर्वश्रेष्ठ अंक लाकर अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी जी द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर व मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया सभी बच्चों ने पूरी मेहनत के साथ परीक्षा दी और अच्छा परीक्षा फल पाकर बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी प्रश्न नजर आए और स्कूल परिवार के साथ खुशी को साथ-साथ मनाया इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व सम्मानित अभिभावकों की गरिमामय में उपस्थिति रही।

# आईटीएस मोहननगर में एनएसएस शिविर के सातवें दिन जरूरतमंद बच्चों को भोजन वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस (स्नातक परिसर) में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के सातवें दिन संस्थान एवं एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा गरीब व वंचित बच्चों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए। आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एनएसएस शिविर की सराहना की। कार्यक्रम के संचालक डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा वसुंधरा क्षेत्र में समाज के वंचित वर्ग के बच्चों एवं उनके परिवारों को "आओ मिलकर भूख मिटाएं" संदेश के साथ भोजन के पैकेट वितरित किए गए। आईटीएस की प्राचार्या (स्नातक परिसर) डॉ. नैंसी शर्मा ने कहा कि एनएसएस से छात्रों में समाज सेवा की भावना विकसित होती है। शिविरों में भाग लेने से छात्रों के व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया तथा छात्रों से शिविर में सीखी गई बातों को जीवन में अपनाने की अपील की।

राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास का सशक्त मंच बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से छात्रों का चतुर्मुखी विकास होता है तथा उनमें सामा. जिक मूल्यों एवं संवेदनशीलता का विकास होता है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक एवं कर्मचारीगण, जिनमें डॉ. अमित शर्मा, डॉ. नीरज कुमार जैन, डॉ. अनुभव श्रीवास्तव, विकास त्यागी, डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. विकास कुमार, प्रो. आदिल खान, प्रो. प्रशांत त्यागी सहित बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# खत्री सभा द्वारा किया गया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रांतीय खत्री सभा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित के साथ उपस्थित सभी सम्मानित गणमान्य संरक्षकों पदाधिकारी को माल्यार्पण कर मंचासीन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खत्री खत्री जाति गण महिलाओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मूल रूप से मुख्य रूप से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए हमारे सारे त्यौहार सामा. जिक रूप सब लोग का मिलजुल कर मनाएं जितने भी खत्री कार्यक्रम व धार्मिक आयोजन हो उसमें छोटे बच्चों को साथ में जरूर लाएं और एक दूसरे के सुख-दुख में काम आए आर्थिक स्थिति से पिछड़े व कमजोर साथियों की मदद के लिए आगे आए अपने अपने बच्चों की शादी के लिए प्रयास करें कि वह 24 व 25 वर्ष की उम्र में हो जाए और वह विवाह के रिश्ते तय करने के लिए खत्री समाज के लोग रुचि ले।

खत्री समाज के बहन भाइयो को सनातन धर्म व अपने देश की रक्षा और मान मर्यादा के लिए अग्रणी भूमिका निभानी होगी। हम लोग मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के वंशज है। हमे उनके आदर्शों पे चलना चाहिए। खत्री समाज के द्वारा देश व सनातन धर्म के हित के लिए आगे आना होगा और अच्छे कार्य कर के दूसरो के लिए आदर्श प्रस्तुत करने होंगे। गौमाता, गंगामाता और गायत्रीमाता का हमारे सनातन धर्म में बहुत अधिक महत्व है। हमे गौमाता की रक्षा करनी होगी, गंगामाता को शुद्ध रखना होगा। सनातन धर्म को आगे बढ़ाना है। देश के अंदर विधर्मियों द्वारा सनातन धर्म के प्रतीक चिन्हों को हानि पहुँचायी जा रही है, विधर्मियो को सबक सिखाना होगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व संरक्षक महेश कुमार आहुजा ने कहा की हमे सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए गौमाता की रक्षा के लिए अपने धर्मशास्त्रों के अनुसार कार्य करना होगा। सरकार के द्वारा जातिगणना के फॉर्म भरते समय अरोड़ा पंजाबी या जो भी सरनेम है उनकी जगह जाति के स्थान पर खत्री लिखना होगा। बैठक में मुख्य संरक्षक राजकुमार टंडन, संरक्षक महेश आहूजा, राधे कृष्ण अरोड़ा, ओम सेठ, जेपी कपूर , इंदु खन्ना, खत्री सभा के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा, उपाध्यक्ष तूलिका सेठ, निर्झर मेहरोत्रा, राम त्रेहन, निखिल अरोरा, डॉक्टर शंकर खत्री संजय अरोड़ा, नवीन अरोड़ा, संदीप बाटला, सुमित खुराना, राजेश अरोड़ा, विजय अरोड़ा मनीष अरोड़ा वीरेंद्र आहूजा और राजेश सोनी, मनु मेहरोत्रा, सुमित खुराना रेखा साहनी, प्रदीप मेहरोत्रा, संदीप बतला रवि कालिया, कपिल सेठ, किरण रहेजा, सुशील रहेजा, डा. संकल्प खत्री सतीश चोपड़ा, राजेश अरोड़ा, सुशील रहेजा, विनय कक्कड़ पार्षद विनय कक्कड़ उर्वशी अरोड़ा चंचल कपूर सीमा बत्रा डॉक्टर सीमा आहूजा ज्योति सेठ केके अरोड़ा प्रवीण खन्नाएवं पूर्व पार्षद, विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ प्रभारी आदि के द्वारा सभा के उत्थान के लिए अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तूलिका सेठ एवं चतंदजपल खत्री सभा उत्तर प्रदेश के महामंत्री ब्रजेश मेहरोत्रा द्वारा किया गया।



**मोदीनगर। प्रमुख समाजसेवी मनीष बंसल की बिटिया तनिष्का बंसल को 9जी क्लास मे छाया पब्लिक स्कूल टॉप करने पर सम्मानित करते प्रिंसिपल डॉ अरुण त्यागी। उन्होंने तनिष्का को मैडल और प्रमाण पत्र एवं रिजल्ट देकर उज्वल भविष्य की कामना की।**

# डीजीआर ग्रुप ऑफ एजुकेशन में हुआ ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डी.जी.आर. ग्रुप ऑफ एजुकेशन (डी.जी.आर. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, पतला एवं डी.जी.आर. किड्स प्राइड, निवाड़ी रोड) में ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं वार्षिक परिणाम समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि "बच्चों का समग्र विकास विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है।

हमें उन्हें केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित न रखते हुए, उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। यही उन्हें जीवन में सफलता की ओर अग्रसर करता है।" विद्यालय के प्रबंधक गुलबीर सिंह ने कहा कि "हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कार प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकें।" कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गुड्डू गुप्ता, पूनम कुमारी (कोऑर्डिनेटर), नीरज शर्मा (कोऑर्डिनेटर), मोनिका सिंह बायोलॉजी), कपिल कुमार, प्राची शर्मा (कोऑर्डिनेटर ख्र प्राइमरी विंग) आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में सिटी अपार्टमेंट यूनिटी कप का भव्य समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल और रोसिया ग्रुप इंटरनेशनल के द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट सिटी अपार्टमेंट यूनिटी कप 2026 भारी उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कक्षाओं से परे मजबूत परिवारों का निर्माण के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस टूर्नामेंट ने न केवल खेल कौशल को प्रदर्शित किया, बल्कि विभिन्न अपार्टमेंट्स के निवासियों को एक परिवार की तरह एकजुट कर दिया।

घ्कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विमल कुमार शर्मा, आई.ए.एस. सेवानिवृत्त एवं प्रो चांसलर - एकेडेमिक्स, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पायल कुकरेती जोशी-मिसेज इंडिया 2025 ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्थान के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, डायरेक्टर एडमिशन अखिलेश वर्मा, ग्रुप के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर सुभाष शर्मा और प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने मैदान पर पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अतिथियों का भव्य स्वागत किया। मशहूर एम्सी ऋषि बावा ने अपनी ऊर्जावान कमेंट्री से पूरे माहौल को जीवंत बनाए रखा। डायरेक्टर एडमिशन्स अखिलेश वर्मा ने बताया कि पुरुष वर्ग में सिटी टाइगर्स ने ४९ रनों से गब्बर११ को मात दी, जबकि महिला वर्ग में टीम टाइग्रेस ने ७ विकेटों से रॉयल चौलेंजर्स गर्ल्स को हराया। बच्चों के वर्ग में रियल स्ट्राइकर्स ६ विकेटों से विजयी रहा। वहीं अमन सक्सेना को ऑरेंज कैप, अमित कुमार को पर्पल कैप और कपिल बिधुड़ी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से नवाजा गया। सभी खिलाड़ियों को मेडल्स, ट्रॉफी और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने इस पहल को परिवारों के बीच खुशियाँ बाँटने का एक सशक्त माध्यम बताया, तथा उन्होंने टूर्नामेंट का सफलता पूर्वक समापन कराने के लिए सह-संयोजक मयंक शर्मा एवं उनकी सिटी अपार्टमेंट की संपूर्ण टीम और हेड कोच रिंकु चौधरी एवं उनकी टीम को बहुत बधाई एवं शुभकानाएँ दी तथा आगे भी समाज को एकजुट कराने में आयोजित होने वाले किसी भी आयोजन में संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस आयोजन में सिटी अपार्टमेंट के मयंक, मनीष, संजीव, विजय, अमित एवं सुंदरदीप परिवार के सभी शिक्षक एवं स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

**समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब**
(आर्डर कायदा 1 व 5)
**विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/कुटुम्ब न्यायालय मुजफ्फरनगर**
वाद संख्या 39 सन 2026
विक्की गोयल पुत्र स्व. रविन्द्र निवासी निकट रामलीला मैदान सी-124 गोविन्दपुरी रोरी गाजियाबाद हाल निवासी ग्राम नावला परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।............... **वादी**
**बनाम**
ज्योति पत्नि विक्की गोयल पुत्री मोहनराम निवासी ग्राम मोरटा तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद। .......**विपक्षीया रैस्पोडेन्ट**
**वाद अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम**
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम का योजित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का प्रतिवाद पत्र/जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिये उपस्थित होने के लिये दिनांक 06.04.2026 को दिन में 10:00 बजे उपस्थित होने हेतु यह तिथि नियत करके यह समन सूचना प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वंय या अपने अधिकृत पेरीकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसजाती (उपस्थिति) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गई है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपको अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जागेगा।
आज दिनांक 16.03.2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा में सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
आज्ञा से
**मुन्सरिम**
**प्रधान न्यायालय कुटुम्ब न्यायालय, मुजफ्फरनगर।**

# विधानसभा सत्र में महत्वपूर्ण विधेयकों व बजट को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यह चिंता का विषय है कि इस सत्र के दौरान विपक्ष ने पूरी तरह से नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने बिना किसी ठोस मुद्दे के विरोध के नाम पर सदन की कार्यवाही से अनुपस्थित रहने का विकल्प चुना। देश के विधायी इतिहास में ऐसी स्थिति अभूतपूर्व है, जहां सदस्य बिना किसी स्पष्ट कारण के सदन से दूरी बना लेते हैं। बिना किसी मुद्दे के सदन का बहिष्कार करना, उसके कामकाज में बाधा डालना और जनता को गुमराह करने की कोशिश करना उचित नहीं ठहराया जा सकता, दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।विधानसभा अध्यक्ष ने आठवीं विधान सभा के चौथे सत्र के दूसरे भाग के समापन पर जानकारी दी कि 23 मार्च से 27 मार्च 2026 तक चले इस सत्र में कुल चार बैठकें हुईं। सदन ने कुल 15 घंटे और 16 मिनट तक कार्य किया, जो केंद्रित, व्यवस्थित और परिणाम- केन्द्रित विधायी कार्य को दर्शाता है।

गुप्ता ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैग की सभी 7 लंबित रिपोर्टों को सदन के पटल पर रख दिया गया है और अब कोई भी रिपोर्ट लंबित नहीं है। इन रिपोर्टों को लोक लेखा समिति (पैग) को सौंप दिया गया है। राज्य वित्त, राजस्व, आर्थिक, सामा. जिक और सामान्य क्षेत्रों के साथ-साथ दिल्ली जल बोर्ड और विश्वविद्यालयों से संबंधित ऑडिट रिपोर्ट 23 मार्च को पेश की गईं और 25 व 27 मार्च को उन पर चर्चा हुई। श्री गुप्ता ने कहा कि 15 वर्षों में पहली बार लोक लेखा समिति की तीन रिपोर्टों ने पूर्ण प्रक्रियात्मक चक्र पूरा किया है, जिससे अब सरकार पर उन पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी तय हुई है।सत्र के दौरान हुए विधायी कार्यों का विवरण देते हुए अध्यक्ष ने बताया कि 23 मार्च 2026 को दिल्ली का आर्थिक सर्वेक्षण (2025- 26) प्रस्तुत किया गया। 24 मार्च 2026 को वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट पेश किया गया और 27 मार्च 2026 को बजट को सदन में हुई चर्चा के बाद अपनाया गया। साथ ही, दिल्ली विनियोग (संख्या 2) विधेयक 2026, सोसाइटी पंजीकरण (दिल्ली संशोधन) विधेयक 2026 और दिल्ली विनियोग (संख्या 3) विधेयक 2026 जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। गुप्ता ने अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग पर जानकारी देते हुए "विधान साथी"।

## अवैध शराब की तस्करी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने ऊँटों का इस्तेमाल करके अवैध शराब की तस्करी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध शराब के 39 कार्टन (1,938 क्वार्टर) बरामद किए हैं। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 29 मार्च की रात को फरीदाबाद से संगम विहार इलाके के रास्ते दिल्ली में जंगल के रास्तों से अवैध शराब की तस्करी के बारे में खास जानकारी मिली थी। इस जानकारी पर एसीपी हेड क्वार्टर की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में टीम ने संगम विहार के जंगल इलाके में अपना जाल बिछाकर आरोपी विनोद भड़ाना (48) को दो ऊँटों का इस्तेमाल करके अवैध शराब ले जाते हुए पकड़ लिया।पुलिस ने उसके पास से अवैध शराब के 39 कार्टन (1,938 क्वार्टर) बरामद किए है और ऊँटों को बचाकर संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।पुलिस ने बताया कि दिल्ली और फरीदाबाद को जोड़ने वाली सड़कों पर चेकिंग से बचने के लिए, आरोपी विनोद ने सड़कों और पुलिस चौकियों से बचते हुए, अवैध शराब ले जाने के लिए ऊँटों और जंगल के रास्तों का इस्तेमाल किया। श्ऑपरेशन कवचश के तहत कड़ी कार्रवाई के दौरान पकड़े जाने से बचने के लिए यह अनोखा तरीका अपनाया गया था।

# 2025-26 के लिए कंपार्टमेंट परीक्षाओं की डेटशीट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कंपार्टमेंट परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं 10 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक चलेंगी। यह परीक्षाएं सुबह, सामान्य और शाम की शिफ्ट वाले स्कूलों में आयोजित की जाएंगी।

शिक्षा निदेशालय के अनुसार पांचवीं, आठवीं, नौवीं और 11वीं के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग विषयों की तिथियां निर्धारित की गई हैं। परीक्षा का समय भी कक्षाओं के अनुसार तय किया गया है। पांचवीं और नौवीं (कौशल विषय) की परीक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक होंगी, जबकि आठवीं की परीक्षा एक बजे तक और नौवीं व 11वीं की मुख्य विषयों की परीक्षा दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगी। डेटशीट के मुताबिक 10 अप्रैल को नौवीं के कौशल विषयों और 11वीं के कंप्यूटर साइंस से परीक्षा की शुरुआत होगी। 13 अप्रैल को पांचवीं में हिंदी और आठवीं में अंग्रेजी का पेपर होगा। वहीं 11वीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी (कोर) की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 15 अप्रैल को आठवीं का गणित और नौवीं का सामाजिक विज्ञान, जबकि 11वीं में भूगोल का पेपर निर्धारित है। 18 अप्रैल को पांचवीं के लिए ईवीएस और नौवीं के लिए गणित की परीक्षा होगी। 20 अप्रैल को पांचवीं का अंग्रेजी और आठवीं का विज्ञान का पेपर रखा गया है। 11वीं में इस दिन गणित की परीक्षा होगी। 23 अप्रैल को नौवीं के छात्रों का हिंदी-ए पेपर और 11वीं का इतिहास का पेपर आयोजित होगा। 24 और 25 अप्रैल को भाषा विषयों (संस्कृत, पंजाबी, उर्दू) की परीक्षाएं होंगी। 27 अप्रैल को नौवीं का अंग्रेजी और 11वीं का भौतिकी व राजनीति विज्ञान का पेपर होगा। वहीं, 30 अप्रैल को 11वीं के विद्यार्थियों के लिए ब्यूटी एंड वेलनेस विषय के साथ परीक्षाओं का समापन होगा।

## नाले में गिरने से सफाईकर्मी की मौत

**नई दिल्ली।** दिलशाद गार्डन इलाके में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। नाले की सफाई के दौरान एक सफाईकर्मी अचानक फिसलकर नाले में गिर गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीडब्ल्यूडी के इस नाले की सफाई के लिए दो दैनिक मजदूर लगाए गए थे। सफाई के दौरान अचानक संत.ुलन बिगड़ने से एक मजदूर नाले में गिर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे बचाने के लिए रस्सी डालकर निक.ालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सफाईकर्मी का शव नाले से बरामद किया गया। यह नाला पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है और इसके चारों ओर दीवार भी बनी हुई है।

# बस नेटवर्क मजबूत करने को अध्ययन करेगा आईआईटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के बस नेटवर्क को मजबूत करने के लिए दिल्ली सरकार ने आईआईटी दिल्ली को एक साल का व्यापक अध्ययन सौंपा है। यह अध्ययन मार्च 2026 से शुरू होकर फरवरी 2027 तक चलेगा। इसकी रिपोर्ट के आधार पर बस रूटों के निर्धारण और सेवाओं की नई योजना तैयार की जाएगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अध्ययन का उद्देश्य बस सेवाओं की दक्षता और यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाना है।

डीटीसी इस प्रक्रिया में डाटा उपलब्ध कराएगा और जमीनी स्तर पर सहयोग करेगा। अधिकारियों का कहना है कि अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर बस रूटों का पुनर्गठन किया जाएगा। कम उपयोग वाले रूटों में बदलाव और अधिक मांग वाले क्षेत्रों में सेवाओं का विस्तार होगा। अधिकारियों के अनुसार, 15 साल पुरानी लो-फ्लोर सीएनजी बसों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। ऐसे में नई बसों की तैनाती और रूट निर्धारण के लिए एक व्यवस्थित योजना जरूरी हो गई है। अध्ययन का एक अहम पहलू बस सेवाओं को डीटीसी नेटवर्क के साथ बेहतर तरीके से जोड़ना है। रूट इस तरह तय किए जाएंगे कि यात्रियों को मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचने में सुविधा हो और लास्ट माइल कनेक्टिविटी मजबूत हो सके। दिल्ली सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मुताबिक, बसों की सवारी संख्या में पिछले पांच साल में करीब 20 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।



**मंत्री प्रवेश साहिब सिंह दिल्ली जल बोर्ड ऑडिटोरियम में समर एक्शन प्लान 2026-27 का शुभारंभ करते हुए।**

# देश की सेवा व सुरक्षा में तैनात हर जवान भारत का हीरो: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली (आईएफएफडी) के तहत आयोजित विशेष स्क्रीनिंग में दिल्लीवासियों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ फिल्म 'धुरंधर ख्र द रिवेंज' (धुरंधर-2) देखी।इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि, "देश की सेवा और सुरक्षा में तैनात हर जवान भारत का सच्चा हीरो है और उनका योगदान हमेशा सर्वोपरि रहेगा।" उरी, शेरशाह और धुरंधर जैसी फिल्में ऐसे योगदान के बारे में बताती हैं। ऐसी फिल्में देशभक्ति की भावना को सशक्त करती हैं और युवाओं को प्रेरित करती हैं।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'नया भारत' सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, और देश की रक्षा क्षमताएं लगातार मजबूत हो रही हैं।

कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में आईएफएफडी बेहद शानदार पहल है। पहली बार दिल्ली में इस स्तर का इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया गया है और यह अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। पूरे देश से फिल्म इंडस्ट्री के कलाकार, एक्सपर्ट्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स यहाँ आए हैं, जिससे दिल्ली के युवाओं को नया अनुभव और सीखने का अवसर मिला है।उन्होंने कहा कि फेस्टिवल में मास्टर क्लासेस, वर्कशॉप्स और इंटरैक्टिव सेशंस के जरिए युवाओं को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीधे जुड़ने का मौका मिल रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि फेस्टिवल में दुनिया भर से लगभग 140 फिल्मों की स्क्रीनिंग की जा रही है, जिसमें भारत के हर क्षेत्र और हर भाषा की फिल्मों को शामिल किया गया है।

# बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। सोमवार को दोपहर तक जहां बादलों की आवाजाही के बीच हल्की धूप देखने को मिली, वहीं कुछ इलाकों में मौसम अचानक बदल गया। अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के बाद बारिश हुई। बता दें कि मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही बारिश का अनुमान जताया था।

अचानक हुए इस परिवर्तन के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं धूल भरी आंधी और फिर बारिश के कारण कुछ इलाकों में जाम की स्थित बन गई। मौसम विभाग के पहले ही इस बात की आशंका जता दी थी कि 30 मार्च को आसमान में बादल छाए रहेंगे और दोपहर से शाम के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, 31 मार्च को भी आसमान में बादल बने रहेंगे और दिन में बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है, जबकि तापमान अधिकतम 29-31 डिग्री और न्यूनतम 19-21 डिग्री के बीच रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 1 अप्रैल को आसमान में बादल बने रहेंगे और तापमान 31-33 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। 2 अप्रैल को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और तापमान अधिकतम 32-34 डिग्री तक रहेगा।

इसके अलावा, 3 अप्रैल को फिर से बादल छाए रहेंगे और दिन में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30-32 डिग्री और न्यूनतम 18-20 डिग्री के बीच रहेगा। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मार्च में यह असामान्य मौसम उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभों की एक श्रृंखला से जुड़ा है। साथ ही, 15 मार्च से सक्रिय ये विक्षोभ इस बार सामान्य से कम ऊंचाई पर आगे बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनका प्रभाव भी गहरा हो गया है।

यही वजह है कि दिल्ली के मौसम का मिजाज भी इन दिनों बदला-बदला सा है। अधिकारियों के अनुसार, इसके प्रभाव से दिल्ली के कुछ हिस्सों में दिन में तेज हवाएं चलने, हल्की बारिश होने और हल्की धूल भरी आंधी की संभावना है, हालांकि, मौजूदा मौसम गतिविधियों का तापमान पर कोई खास असर पड़ने के आसार नहीं है।

## मेट्रो ट्रैक पर गिरने से घायल

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर सोमवार सुबह मेट्रो ट्रैक पर गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान करावल नगर निवासी 52 साल के अनिल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मेट्रो पुलिस उपायुक्त भरत रेड्डी ने बताया कि सोमवार सुबह विश्वविद्यालय मेट्रो के कंट्रोलर से सूचना मिली कि विश्व. विद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति मेट्रो ट्रैक पर कूद गया है और घायल हो गया है। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। घायल यात्री को मेट्रो कर्मी पहले ही हिंदू राव अस्पताल पहुंचा चुके थे। घायल अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह ट्रैक पर इसलिए गिर गया क्योंकि उसका संतुलन बिगड़ गया था। वह अनजाने में प्लेटफॉर्म के किनारे के बहुत करीब चला गया था।

# समर एक्शन प्लान 2026-27 का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड ऑडिटोरियम में समर एक्शन प्लान 2026-27 का शुभारंभ किया। यह केवल एक योजना का लॉन्च नहीं, बल्कि उस सोच का परिचायक है जिसमें संकट को अवसर में बदलते हुए दिल्ली को भरोसेमंद जल प्रबंधन की ओर ले जाने का संकल्प शामिल है।

इस अवसर पर चैटबॉट, एडवांस सीआरएम सिस्टम और डीजेबी 1916 मोबाइल ऐप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किए गए, जो सीधे तौर पर नागरिकों को सिस्टम से जोड़ते हैं और जवाबदेही को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने बेहद भावनात्मक और स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह काम सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी है।

"मुझे मां यमुना की सेवा करने का अवसर मिला है और मैं इसे केवल एक पद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत कर्तव्य मानता हूं। जब हम यमुना की बात करते हैं, तो यह केवल एक नदी की बात नहीं होती, यह दिल्ली की आत्मा की बात होती है। अगर यमुना साफ होगी, तो दिल्ली का जीवन बेहतर होगा। अगर पानी साफ और पर्याप्त होगा, तो हर घर में विश्वास पहुंचेगा। इसलिए यह काम किसी एक विभाग या व्यक्ति का नहीं, हम सबका साझा दायित्व है।"

उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर स्तर पर संवे. दनशीलता और जवाबदेही जरूरी है। "जब एक नागरिक अपने घर में पानी की नल खोलता है, तो वह केवल पानी नहीं देखता, वह सरकार की नीयत और सिस्टम की क्षमता को महसूस करता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर घर तक साफ पानी पहुंचे और किसी भी क्षेत्र को यह महसूस न हो कि उसके साथ भेदभाव हो रहा है। संसाधन सीमित हो सकते हैं, लेकिन हमारी नीयत और मेहनत सीमित नहीं होनी चाहिए।"

समर एक्शन प्लान के तहत इस बार दिल्ली में लगभग 1002 एमजीडी जल उत्पादन बनाए रखने का लक्ष्य रखा गया है।

सभी प्रमुख वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और कच्चे पानी की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की बाधा से बचा जा सके। पुराने पंपों और मशीनरी को अपग्रेड किया जा रहा है, जिससे आपूर्ति और अधिक स्थिर और प्रभावी बने।दिल्ली के उन इलाकों पर विशेष ध्यान दिया गया है जहां पानी की कमी अधिक महसूस होती है।

## सिलिंडर से वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली।** पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की एलपीजी के छोटे सिलिंडर से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी। सिलेंडर के वार से पत्नी पूनम (32 साल) का सिर बुरी तरह फट गया था। दक्षिण पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी पति सुरेश पत्नी पूनम, 2 साल और 4 साल की दो बच्चियों के साथ पुल पहलादपुर इलाके में डीडीए फ्लैट में रहता था। आरोपी प्राइवेट नौकरी करता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता रहता था। रात को भी इन दोनों के बीच झगड़ा हुआ और झगड़े ने इतना विकराल रूप ले लिया कि आरोपी सुरेश ने छोटे एलपीजी सिलेंडर को उठाकर पूनम के सिर पर ताबड़तोड़ दे मारा।




**'शोले' फिल्म के 50 वर्ष पूरे होने पर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा की मौजूदगी में एलजी तरनजीत सिंह संधू से सम्मान प्राप्त करते हुए रमेश सिप्पी।** फोटो : **भूपेश गुप्ता**

# आईएफएफडी-2026 का 5वां दिन: सिनेमा संस्कृति व उत्सव एक ही मंच पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली का 5वां दिन एक भव्य 'नाइट ऑफ ऑनर्स' के साथ अपने निर्णायक शिखर पर पहुँचा, जिसने सिनेमा, संस्कृति और उत्सव को एक ही मंच पर एक साथ ला दिया। इस शाम का माहौल बेहद गरिमामय था, जिसकी शोभा मुख्य अतिथि – दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू; विशिष्ट अतिथि – दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता; पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और डीटीटीडीसी के एमडी व सीईओ तथा महोत्सव निदेशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा की उपस्थिति ने बढ़ाई। यह उपस्थिति उस भव्यता और उद्देश्य को दर्शाती थी जो दिल्ली की सांस्कृतिक गाथा को आकार देने वाले इस महोत्सव के पीछे निहित है।

मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली देश का हृदय है। एक ऐसा शहर जो हर किसी को अपनाता है और अपने भीतर इतिहास व आशा, दोनों को समेटे हुए है। इस फिल्म महोत्सव के माध्यम से, हम न केवल एक कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हैं, बल्कि राजधानी के लिए एक नई सांस्कृतिक पहचान भी गढ़ रहे हैं। पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, आईएफएफडी की परिकल्पना सर्वप्रथम पिछले वर्ष बजट चर्चाओं के दौरान की गई थी, और माननीय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में इसे साकार रूप दिया गया।दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, यह महोत्सव दिल्ली की निरंतर विकसित होती सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। फेस्टिवल डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने कहा," आईएफएफडी जैसा फेस्टिवल सिर्फ फिल्मों के बारे में नहीं है; यह उन बातचीत और भावनाओं के बारे में है जो फिल्में जगाती हैं और पीछे छोड़ जाती हैं। 'नाइट ऑफ ऑनर्स' समारोह की शुरुआत 'वंदे मातरम' से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ, और फिर दीप प्रज्वलन और औपचारिक संबोधन हुए,इस तरह एक ऐसा माहौल बना जिसमें परंपरा और उत्सव का सुंदर संत.ुलन था। जैसे-जैसे शाम आगे बढ़ी, अनुपम खेर ने सिनेमा को एक काव्यात्मक श्रद्धांजलि दी, जिसने दर्शकों को एक दुर्लभ शांति में डुबो दिया।

# निगम प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के करोल बाग क्षेत्र के बलजीत नगर वार्ड में स्थित प्रेम नगर निकट गौशाला पार्क में नवनिर्मित निगम प्राथमिक विद्यालय भवन का आज उदघाटन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही,निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा,शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी,स्थानीय पार्षद डॉ रुनाक्षी शर्मा,पूर्व महापौर आदेश गुप्ता, अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल, उपायुक्त करोल बाग क्षेत्र दिलखुश मीना,शिक्षा निदेशक निखिल तिवारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। नवनिर्मित निगम प्राथमिक विद्यालय भवन लगभग 2 एकड़ में बनाया गया है जिसमें लगभग 1456 वर्ग मीटर में विद्यालय भवन का निर्माण हुआ है तथा बाकी 6556 वर्ग मीटर हरित क्षेत्र एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिए रखा गया है। विद्यालय के निर्माण में 12.5 करोड़ रुपए की लागत आई है। विद्यालय भवन में 20 कक्षा कक्ष, 14 अन्य कमरे,1 हॉल एवं शौचालयों की समुचित व्यवस्था की गई है। विद्यालय प्रांगण में इंटरलॉकिंग टाइल एवं भवन में कोटा पत्थर का फर्श लगाया गया है। दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही ने इस अवसर पर कहा कि नवनिर्मित निगम प्राथमिक विद्यालय का भवन बहुत ही सुंदर बना है। उन्होंने कहा कि लोगों की धारणा बनी हुई है कि प्राइवेट स्कूल सरकारी स्कूलों से बेहतर हैं लेकिन वास्तविकता ऐसी नहीं है हमारे निगम विद्यालयों के शिक्षक प्राइवेट विद्यालय के शिक्षकों से अधिक योग्य हैं।

# निवासी नेहा बनीं यूपीपीसीएस टॉपर

**शाहदरा** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस 2024 के अंतिम परिणाम में नेहा पांचाल ने पहला स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है।



दिल्ली के शाहदरा की रहने वाली नेहा पांचाल ने इस कठिन परीक्षा में अपने चौथे प्रयास में सफलता हासिल की। नेहा ने बताया की उन्होंने साल 2018 से सिविल सेवा की तैयारी शुरू की थी और लगातार प्रयास करती रहीं। इससे पहले वह 2023 में संघ लोक सेवा आयोग के इंटरव्यू तक भी पहुंच चुकी थीं, लेकिन अंतिम सफलता नहीं मिल पाई थी। शिक्षा की बात करें तो नेहा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई की है और इसके बाद पॉलिटिकल साइंस में परास्नातक किया। उनकी सफलता के पीछे मजबूत शैक्षणिक आधार और लगातार अभ्यास को प्रमुख कारण माना जा रहा है। पीसीएस 2024 के तहत कुल 947 पदों पर भर्ती होनी थी, जिनमें से 932 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को एसडीएम, डीएसपी समेत विभिन्न प्रशासनिक पदों पर नियुक्त किया जाएगा।

# दिल्ली पुलिस ने किया 'पिप्पिंग सेरेमनी' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित पुलिस मुख्यालय के श्आदर्श ऑडिटोरियमश में एक भव्य श्पिप्पिंग सेरेमनीश का आयोजन किया गया। इस समारोह में रिटायर हो रहे 145 पुलिस कर्मियों को श्मानद रैंक पदोन्नति योजनाश के तहत मानद रैंक से सम्मानित किया गया। दिसंबर में इस पहल की शुरुआत होने के बाद से यह इस तरह का चौथा समारोह है।



इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने की। उन्होंने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर, रिटायर हो रहे कर्मियोंख्रजो कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर रैंक तक के थेख्रको उनके अगले उच्च मानद रैंक के बैज लगाकर औपचारिक रूप से सम्मानित किया।अपने संबोधन में, दिल्ली पुलिस आयुक्त ने समारोह में उपस्थित दिल्ली पुलिस परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रिटायर हो रहे कर्मियों और उनके परिवारों के चेहरों पर दिख रही खुशी और गर्व, हमें और भी अधिक मेहनत से काम करने के लिए साहस और संकल्प प्रदान करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रिटायरमेंट का मतलब दिल्ली पुलिस के साथ उनके जुड़ाव का अंत नहीं है; वे हमेशा पुलिस परिवार का एक अभिन्न अंग बने रहेंगे।अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए, दिल्ली पुलिस आयुक्त ने कहा कि आज ये पुलिस कर्मी एक गौरवशाली सेवा प्रदान करने के बाद रिटायर हो रहे हैं। यह केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि वास्तव में एक जुनून हैख्रएक ऐसा जुनून जो उन्हें अपनी 35-40 वर्षों की सेवा के दौरान लंबे-लंबे समय तक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने परिवारों के बलिदानों की भी सराहना की, विशेष रूप से उस समय घर की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए, जब पुलिस कर्मी अपनी कठिन और व्यस्त ड्यूटी में लगे रहते हैं।रिटायर हो रहे कर्मियों को राष्ट्र और समाज की सेवा में रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दिल्ली के पुलिस कमिश्नर ने उन्हें रिटायरमेंट के बाद एक स्वस्थ, खुशहाल और संतोषजनक जीवन की भी शुभकामनाएं दीं।

जिन कर्मियों को मानद रैंक से सम्मानित किया गया, उनमें शामिल हैं: हेड कांस्टेबल से असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर बनने वाले: 10, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर से सब-इंस्पेक्टर बनने वाले: 38, और सब-इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बनने वाले: 97।

# 31वें श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति अशोक विहार (दिल्ली)संस्था द्वारा 31वा श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन नई दिल्ली के अशोक विहार फेज -2 में स्थित श्री सनातन भवन (सनातन धर्म मंदिर) में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक सुरेश गर्ग, अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद मित्तल, और उपाध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल के अलावा मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि इस महोत्सव में हिंदुस्तान के सुप्रसिद्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया गया था। जिनमें राजू मेहरा (कोलकाता )और हिमांशु वशिष्ठ ( दिल्ली) के अलावा अन्य भजन गायकों ने अपने अपने मधुर भजनों की अमृतवर्षा कर भक्तों का मन मोह लिया।



# हापुड़ में तालाब सुधार के नाम पर भ्रष्टाचार, प्रशासन को चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे तालाबों के जीर्णोद्धार कार्यों में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा। आरोप लगाया गया है कि जनपद के विभिन्न गांवों में तालाबों के पुनर्जीवन के नाम पर निम्नस्तरीय और मानकों के विपरीत कार्य कराए जा रहे हैं, जो सरकारी धन के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है। खासतौर पर गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अनुपपुर डिबाई स्थित तालाब के कार्य को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मौके पर जाकर कार्यों की गुणवत्ता आसानी से देखी जा सकती है।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार से न केवल शासन की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं, बल्कि आम जनता को मिलने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ रहा है। पूर्व में भी कई बार इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी तालाबों के कार्यों की गुणवत्ता की दोबारा जांच कराकर उन्हें निर्धारित बीओक्यू मानकों के अनुसार पूरा कराया जाए। शिकायतकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि इस गंभीर मामले में जल्द संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## कुराना टोल पर वकील से मारपीट-लूट का आरोप, गुस्साए अधिवक्ताओं ने ठप किया काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कुराना टोल प्लाजा पर टोल स्टाफ द्वारा एक अधिवक्ता और उनके चालक के साथ कथित मारपीट व लूट की घटना के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर कड़ा विरोध जताया। इस संबंध में सोमवार को आम सभा की बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता देवेन्द्र सिंह नवादा ने की, जबकि संचालन सचिव रवि कुमार ने किया।



बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव रखते हुए आरोप लगाया कि रविवार को कुराना टोल टैक्स पर तैनात स्टाफ ने अपने मैनेजर कुनाल सिंह के कहने पर अधिवक्ता शंकर लाल सैनी और उनके चालक के साथ अमानवीय व्यवहार किया। आरोप है कि दोनों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की गई और जान से मारने की नियत से हमला किया गया, साथ ही लूटपाट की घटना को भी अंजाम दिया गया। घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर 30 मार्च को न्यायिक कार्य नहीं करने का निर्णय लिया। बैठक में कुलदीप शर्मा, नवदीम शर्मा, संजय कंसल, अमति कौशिक, विरेन्द्र सैनी, बब्लू सैनी, पवन सैनी, कुलदीप सैनी, अमित पायल, अजय सैनी, अनोद श्रीवास्तव, अंकित परजापति, जगदीश प्रसाद, विनोद कुमार पूठा, हिमांशु राज, अनिल तौमर, अजित चौधरी पाल, मनोज भैया सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## ग्रेच्यूटी और सैलरी को लेकर भड़के कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तहसील धौलाना क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर ग्रेच्यूटी और अग्रिम वेतन दिलाने की मांग की है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के जबरन नौकरी से निकाला जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने बताया कि वे रिलायंस रोड भोवापुर स्थित हैबल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वर्ष 2022 से 2026 तक लगातार कार्यरत रहे हैं और पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते रहे हैं। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा उन्हें अचानक बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। जब इस संबंध में कारण पूछा गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।



कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी पर उनकी वर्ष 2022 से 2026 तक की ग्रेच्यूटी बकाया है। साथ ही उन्होंने मांग की है कि उन्हें तीन माह का अग्रिम वेतन भी दिलाया जाए, ताकि वे नई नौकरी मिलने तक अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर कंपनी के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए बकाया भुगतान दिलाने की मांग की है। ज्ञापन पर बबलू सहित अन्य कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं।

## सफाई में ढिलाई पड़ी भारी, पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में लापरवाही सामने आने पर पालिकाध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाया। बैठक में सफाई कार्य की वास्तविक स्थिति पर नाराज़गी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सफाई नायक संजय कुमार, राजेश, मनीष तथा सफाई निरीक्षक दीपक कुमार से वार्डवार सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, नालियों की सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर बिंदुवार जानकारी ली गई। समीक्षा में कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर पालिकाध्यक्ष ने असंतोष व्यक्त किया और जिम्मेदारों को फटकार लगाई। पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। पालिकाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## ''उड़ान' से बदली तस्वीर, 400 ग्रामीण महिलाओं को मिला रोजगार का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में 'प्रोजेक्ट उड़ान' के तहत सोमवार को एक भव्य उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन द्वारा इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम में हापुड़ और मुरादनगर की ग्रामीण महिला उद्यमियों की एक वर्ष की परिवर्तनकारी यात्रा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम मौजूद रहे।

कार्यक्रम को दो चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में महिलाओं को व्यवसाय की बुनियादी जानकारी, ब्रांडिंग, खाद्य सुरक्षा अनुपालन और पंजीकरण से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

दूसरे चरण में उन्हें बाजार से जोड़ने, डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप बिजनेस के माध्यम से व्यापार विस्तार, प्रदर्शनी के अवसर और निरंतर मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क व पीयर नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई। पिछले एक वर्ष में इस परियोजना के तहत 50 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की करीब 400 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। इसके परिणामस्वरूप 80 से अधिक महिला नेतृत्व वाले उद्यम स्थापित हुए, जबकि 200 से ज्यादा महिलाएं सक्रिय रूप से इन उद्यमों से जुड़कर आजीविका कमा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान उड़ान उद्यमिता की ओर एक कदम नामक टूलकिट का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें 12 मॉड्यूल के माध्यम से व्यवसाय की पूरी जानकारी सरल भाषा और चित्रों के जरिए दी गई है।

यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और बदलाव की कहानी का प्रतीक रहा। इसी उद्देश्य के तहत 'प्रोजेक्ट उड़ान' की शुरुआत की गई, जो ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाकर उन्हें स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## जनप्रतिनिधियों के साथ एसपी की अहम बैठक आयेजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस कार्यालय के सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को विस्तार से रखा, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



गोष्ठी के दौरान अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखने, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और जनसुनवाई जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा जनपद में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि पुलिस और आमजन के बीच संवाद और विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी सुझाव और शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का माहौल पूरी तरह कायम रहे और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस करें।

### एक नजर

## महिलाओं की सुरक्षा पर फोकस, मिशन शक्ति के तहत चला विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सोमवार को हापुड़ नगर के गोल बाजार और सर्राफा बाजार क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने बाजार में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में इन नंबरों का तत्काल उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इस दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहने की भी सलाह दी। बाजार में मौजूद लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। एसआई रजनी ने कहा हमिशन शक्ति फेज 5.0 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को न केवल सुरक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना भी है। हम लगातार बाजारों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आज के इस अभियान में हमने सभी को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस से संपर्क कर सकें। हमारा प्रयास है कि हर महिला खुद को सुरक्षित महसूस करे और किसी भी प्रकार के अपराध के खिलाफ आवाज उठाने में संकोच न करे। पुलिस हर समय उनकी मदद के लिए तैयार है और ऐसे अभियानों के माध्यम से हम समाज में विश्वास और सुरक्षा का माहौल मजबूत कर रहे हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

मृतक की पहचान सुरेंद्र पुत्र गोविंद, निवासी ग्राम भोवापुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र अपने साढू राजेंद्र पुत्र समय सिंह के पास रह रहा था और लंबे समय से वहीं अकेले जीवन यापन कर रहा था। सोमवार सुबह किसी कारणवश वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया, जहां अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

## बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अनवरपुर कट के पास रविवार को तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। सर्विस लेन पर बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय प्रशांत पुत्र विनोद, निवासी ग्राम मुकीमपुर, थाना भोजपुर (गाजियाबाद) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रशांत रविवार को हापुड़ से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह अनवरपुर कट के पास सर्विस लेन पर पहुंचा, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अनवरपुर कट पर यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## हापुड़ में मेडिकल चमत्कार, लेटरल थाइरोग्लॉसल सिस्ट का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुर्लभ और जटिल लेटरल थाइरोग्लॉसल सिस्ट का सफल ऑपरेशन कर नया इतिहास रच दिया है। ईएनटी विभाग की विशेषज्ञ टीम ने 23 वर्षीय युवक हिमांशु का सफल सर्जिकल उपचार कर संस्थान की उच्चस्तरीय चिकित्सा क्षमता और आधुनिक तकनीकों का परिचय दिया है।

मरीज हिमांशु लंबे समय से गर्दन में असामान्य सूजन और गांठ की समस्या से परेशान था। विस्तृत जांच के दौरान पता चला कि उसे थाइरोग्लॉसल सिस्ट के साथ-साथ थायरॉयड सूजन भी है। यह स्थिति सामान्यत: गर्दन के मध्य भाग में पाई जाती है, लेकिन इस मरीज में सिस्ट गर्दन के बाईं ओर स्थित था, जो कि बेहद दुर्लभ और जटिल मामला माना जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस प्रकार के मामलों में सटीक निदान और विशेषज्ञ सर्जरी अत्यंत आवश्यक होती है, क्योंकि सिस्ट आसपास की मांसपेशियों और ऊतकों से जुड़ा हुआ था। सिम्स के ईएनटी विशेषज्ञों ने अपनी कुशलता और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और बिना किसी जटिलता के सिस्ट को पूरी तरह निकाल दिया। इस प्रक्रिया में सिस्ट के साथ-साथ उससे जुड़े ट्रैक्ट और हायॉइड हड्डी के एक हिस्से को भी सावधानीपूर्वक हटाया जाता है, जिससे दोबारा सिस्ट बनने की संभावना बेहद कम हो जाती है। इस जटिल सर्जरी को डा. अविनाश कुमार (विभागाध्यक्ष, ईएनटी), डा. शुभम मित्तल, डा. नंदिनी सेठी और डा. प्रीति की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। संस्थान की प्राचार्या बरखा गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर डा. आर. के. सहगल, महाप्रबंधक एन. वर्धराजन, निदेशक रघुवर दत्त और चिकित्सा अधीक्षक मेजर जनरल सी. एस. आहलूवालिया ने टीम को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। विशेषज्ञों ने आमजन से अपील की है कि गर्दन में किसी भी प्रकार की गांठ या सूजन को नजरअंदाज न करें और समय पर चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। इस उपलब्धि के साथ सिम्स हापुड़ ने यह साबित कर दिया है कि अब क्षेत्र के लोगों को जटिल सर्जरी के लिए बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अत्याधुनिक और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हैं।



## बेटी की सफलता पर झूमा गांव, फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की होनहार बेटी श्वेता त्यागी ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी मेहनत और लगन के दम पर सफलता हासिल कर गांव लौटने पर उनका ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा।

गांव पहुंचते ही श्वेता त्यागी का जोरदार अभिनंदन किया गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। लोगों का कहना था कि श्वेता की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और यह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। श्वेता त्यागी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और अपनी निरंतर मेहनत को दिया। श्वेता त्यागी ने कहा यह सफलता मेरे लिए ही नहीं, बल्कि मेरे पूरे परिवार और गांव के लिए गर्व का क्षण है। मेरे माता-पिता और गुरुओं ने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया, उनका आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने श्वेता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।



## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक एकजुट, दिल्ली कूच की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आहवान पर 4 अप्रैल 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर जनपद हापुड़ के शिक्षकों ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में पिलपैड़ा धौलाना में जनपद कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया।

बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा और सुशील शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान टीईटी अनिवार्यता के विरोध को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की गई।

दीपक शर्मा ने शिक्षकों से एकजुटता का आहवान करते हुए कहा कि यह आंदोलन शिक्षकों के मान-सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी को मिलकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।

वहीं सुशील शर्मा ने जनपद हापुड़ के शिक्षकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाएं। बैठक में संजय शर्मा, संदीप सिरोही, दिनेश कुमार, योगेंद्र कुमार, संगीता और प्रतिभा सहित कई शिक्षकों ने अपने सुझाव रखे और आंदोलन को सफल बनाने पर जोर दिया।

## ब्रह्मादेवी स्कूल में सम्मान और भावनाओं का संगम, चार आचार्य हुए विदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोदीनगर रोड स्थित ब्रह्मादेवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को चार वरिष्ठ आचार्यों के सम्मान में गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद पूरे माहौल में भावुकता और सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला।

समारोह के दौरान विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या ने सेवानिवृत्त होने वाले आचार्यों का विस्तृत परिचय देते हुए उनके लंबे और समर्पित शिक्षण कार्य को याद किया। विद्यालय के आचार्यों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत ने कार्यक्रम में भावनात्मक रंग भर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कविता व गीत के माध्यम से अपने प्रिय आचार्यों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यालय की व्यवस्थापिका स्वाति गर्ग और प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव ने आचार्यों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सेवानिवृत्त आचार्यों के स्वस्थ, सुखद और सफल भविष्य की कामना की। पूरा कार्यक्रम प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहां हर किसी की आंखें नम और दिल गर्व से भरा नजर आया।



# डेटिंग ऐप के जरिए लूट करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक संगठित साइबर-लूट गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन, कार सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। नोएडा पुलिस की इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार को मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से सेक्टर-76 नोएडा क्षेत्र से तीन आरोपी शिवम झा, सागर ठाकुर और कमल को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी नोएडा सेक्टर 51 होशियारपुर के रहने वाले हैं। इनके पास से 30 हजार रुपये नकद, चार मोबाइल फोन, बिना नंबर प्लेट की एक बलेनो कार, पीली धातु की एक चेन तथा दो फर्जी कार नंबर प्लेट बरामद की गई हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन डेटिंग ऐप ग्राइंडर के माध्यम से लोगों को निशाना बनाते थे। यह गैंग पहले ऐप पर लोगों से दोस्ती करता था और फिर उन्हें मिलने के लिए सुनसान या तय स्थान पर बुलाता था। मुलाकात के दौरान आरोपी पीड़ित को अपनी कार में बैठाकर डराते-धमकाते थे और उसके जरिए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवा कर पैसे निकलवा लेते थे। कई मामलों में लूटपाट की घटनाएं भी अंजाम दी गईं।



**आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड:** मुख्य आरोपी शिवम झा के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े गंभीर मामले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यह गैंग लंबे समय से सक्रिय था और नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वारदात को अंजाम दे चुका है।

**मुकदमा दर्ज, आगे की जांच जारी:** इस संबंध में थाना सेक्टर-113 में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धाराएं शामिल हैं। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# हाईराइज सोसाइटी में लिफ्ट की समस्या

## हिमालय प्राइड में महिला फंसी, सुरक्षा पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हाईराइज सोसाइटियों में लिफ्ट से जुड़े मामले थमने का नाम ही नही ले रहे हैं। नोएडा व ग्रेटर नोएडा में बिल्डर की ओर से खरीदारों के लिए बनाए गए लाखों करोड़ों रुपये के फ्लैट में आए दिन लिफ्ट अटकने के मामले सामने आ ही जाते हैं। लिफ्ट फ्री फॉल की वजह से इन ऊंची ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग अब डर के साये में जी रहे हैं।

उनका कहना है कि पता नही कब लिफ्ट फ्री फॉल हो जाए और नोएडा के सेक्टर-137 स्थित पारस टियारा सोसाइटी में वर्ष 2023 में लिफ्ट की केबल टूटने से जिस तरह एक बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी, कहीं इसी तरह इस सोसाइटी में भी कोई बड़ी घटना न घटित जाए। लोगों ने लिफ्ट फ्री फॉल जैसे गंभीर मुद्दों पर डीएम मेधा रूपम से निवेदन किया है कि मामले में खुद संज्ञान ले और आवश्यक कार्रवाई करे।

अब ताजा मामला ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाईराइज सोसाइटी से सामने आया है। यहां हिमालय प्राइड सोसाइटी में एक बार फिर लिफ्ट खराब हो गई। लिफ्ट अटकने के दौरान एक महिला लिफ्ट के अंदर करीब 15 से 20 मिनट तक फंसी रही। जिस वजह से महिला की हालत बहुत खराब हो गई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस सोसाइटी में लिफ्ट फ्री फॉल जैसी घटना कोई नई नहीं है। ऐसा आए दिन होता रहता है। कई बार मेंटेनेंस डिपार्टमेंट को इस बारे में बता चुके है लेकिन जब तक किसी की जान न चली जाए, तब तक इनके कानों में जूं तक नही रेंगेगी।

सोसायटी के एओए सचिव मयंक मिश्रा ने बताया कि यहां रोजाना लिफ्ट खराब हो रही है। हाल ही में 12 लोग, जिनमें 10 बच्चे शामिल थे, लिफ्ट में लगभग 1 घंटे तक फंस गए थे। सोमवार को भी एक महिला लिफ्ट में फंस गई, जिन्हें 15-20 मिनट बाद रेस्क्यू कर निकाला गया। उनकी हालत गंभीर है। बिल्डर प्रबंधन से कई बार लिफ्ट के रखरखाव की शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ये है आरोप

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर बिल्डर पक्ष ने हाल ही में सोसाइटी की बिजली कटवा दी थी, जिससे निवासी करीब 6 घंटे तक परेशान रहे। सोसाइटी में लिफ्ट फंसने की घटनाएं रोजाना बढ़ रही हैं, लेकिन कोई भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है और न ही कोई हमारी समस्या को सुनने वाला है। सोसाइटी वासियों ने महिला की हिम्मत बढ़ाई, उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

## आवासीय भूखंडों की योजना आएगी

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी में आवासीय भूखंडों की योजना अप्रैल के पहले सप्ताह तक आएगी। इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए भी 40 वर्ग मीटर के भूखंडों की योजना लाने की तैयारी है। यीडा के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि यूपी रेरा से प्राधिकरण को आवासीय भूखंड योजना के लिए एनओसी मिल चुकी है। यीडा ने सेक्टर-15सी, सेक्टर-18 और सेक्टर-24ए में 973 भूखंडों की परियोजना प्रस्तावित की है, जिसमें सर्वाधिक 965 प्लॉट 150 से 200 वर्गमीटर के होंगे। इसके अलावा 200 से 250 वर्गमीटर के छह भूखंड और 250 से 500 वर्गमीटर के दो भूखंड प्रस्तावित हैं। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भी प्राधिकरण ने 40 वर्गमीटर के भूखंडों की योजना निकालने की तैयारी कर ली है।

# बंद मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाश

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से ঘ21,000 नकद, आभूषण, लैपटॉप, टीवी, मोबाइल फोन और अवैध हथियार बरामद किए हैं। यह कार्रवाई रविवार को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर चिपियाना बुजुर्ग क्षेत्र में की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाबू उर्फ बाबुल हुसैन और शफीकुल इस्लाम के रूप में हुई है। दोनों मूलरूप से असम के रहने वाले हैं। वर्तमान में गाजियाबाद के बम्हेटा गांव में किराए के मकान में रह रहे थे। पूछताछ में दोनों ने कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बंद पड़े मकानों को निशाना बनाते थे और मौका मिलते ही ताला तोड़कर अंदर घुस जाते थे। जांच में सामने आया कि 17 मार्च की रात आरोपियों ने ग्रीन इन्क्लेव क्षेत्र में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



वहां से उन्होंने सोने-चांदी के आभूषण, लैपटॉप और टीवी समेत कई कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा फरवरी महीने में जीटी रोड स्थित लालकुआं इलाके में एक मेडिकल स्टोर से नकदी और दवाइयों की चोरी भी इन्हीं आरोपियों ने की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ঘ21,000 नकद, तीन अंगूठियां, एक जोड़ी कुंडल, एक नाक की बाली (पीली धातु), डेल कंपनी का लैपटॉप, 40 इंच का सैमसंग स्मार्ट टीवी, एक मोबाइल फोन, पिट्ठू बैग, कपड़े, दवाइयों की शीशियां और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

**आरोपियों पर कई मुकदमे दर्ज:** दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बिसरख में चोरी और आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने इनके आपराधिक इतिहास की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और अपराधियों को कड़ा संदेश गया है कि कानून से बचना संभव नहीं है।

## एक नजर

### शाहबेरी में परचून की दुकान में लगी आग, फूड स्टॉल तक फैली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गाँव में एक परचून की दुकान में आग लग गई। आग तेजी से फैलकर पास के एक फूड स्टॉल और एक अन्य दुकान तक पहुँच गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। यह घटना शाहबेरी गाँव में राधा स्वामी आश्रम, गली संख्या-1 के पास हुई। चश्मदीदों के मुताबिक, दोपहर में एक किराने की दुकान से धुआँ उठता देखा गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और पास के फूड स्टॉल तक फैल गई। धुएँ का गुबार देखकर आसपास के लोगों में हलचल मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बिसरख पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुँचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय पर कार्रवाई से आग को घनी आबादी वाले अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जाँच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### दो मंजिला मकान ढहा

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित नीमका गांव में रविवार को एक दो मंजिला मकान अचानक ढह गया। यह मकान खेतों के बीच बना था। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि मकान खाली था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। प्राधिकरण द्वारा जेवर एयरपोर्ट निर्माण के लिए आसपास के कई गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत अधिकांश मकानों को खाली करा दिया गया था। नीमका गांव का यह मकान भी उन्हीं में से एक था, जो खाली पड़ा था और अचानक ढह गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू कराया। साथ ही आसपास के ग्रामीणों को निर्देश दिए गए कि वे खाली और जर्जर मकानों के पास न जाएं, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि अधिग्रहित जमीन पर किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं है और इस संबंध में किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। जेवर थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि मकान पूरी तरह खाली था और घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। क्षेत्र से मलबा हटाकर उसे सुरक्षित कर दिया गया है।

### दूधिया हाईमास्ट लाइटों से रोशन हुए ग्रेटर नोएडा के पार्क

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा, गामा और जीटा में स्थित पार्कों में 38 एलईडी हाईमास्ट लाइटें प्राधिकरण की तरफ से लगाई गई हैं। इससे पार्कों में रोशनी बढ़ गई है। एलईडी लाइटों से पार्क के चारों तरफ पर्याप्त रोशनी पहुंच रही है। सोमवार को दादरी विधायक तेजपाल नागर ने सेक्टर -जीटा टू में आयोजित कार्यक्रम में हाईमास्ट लाइटें सेक्टरवासियों को समर्पित की। विधायक ने प्राधिकरण के इस कार्य की सराहना करते हुए सेक्टर की सभी समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि अन्य सेक्टर के पार्कों में भी एलईडी हाईमास्ट लाइटें जल्द लगाई जाएंगी। लोकार्पण कार्यक्रम में प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से वरिष्ठ सौरभ भारद्वाज, प्रबंधक वी.वी. राय आदि मौजूद रहे।

### कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में धमकी देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कस्बे में करीब 15 दिन पहले गली में कार खड़ी करने पर पड़ोसियों से हुए विवाद को लेकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। एक आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला रेखा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला रेखा ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी रौनक और रोकी से 14 मार्च को गली में कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। इस बीच दोनों भाइयों ने मिलकर महिला और उसके पति से मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी अब इस मामले में मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। एक अन्य आरोपी से फोन कर जान से मारने की धमकी दिलवाई जा रही है। पीड़िता ने परेशान होकर पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# युवक की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हत्या को सड़क हादसे का रूप देने और शव को छिपाने की कोशिश की थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार, हथियार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से अमरपाल, अमित कुमार और सनी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई इको कार, हत्या में प्रयुक्त एक लोहे का पाना, तीन मोबाइल फोन और एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि मृतक अमित उर्फ भोंचू के खिलाफ अमरपाल के पक्ष की एक नाबालिग से बलात्कार का मुकदमा दर्ज था, जिसमें अमित जेल गया था। जेल से बाहर आने के बाद दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव चल रहा था। 23 मार्च को अमरपाल, अमित और सनी अपनी इको कार से बागेश्वर धाम, मध्य प्रदेश घूमने गए थे। इसी दौरान अमरपाल को अपनी भाभी के माध्यम से सूचना मिली कि अमित उसके घर के पास देखा गया है। इसके बाद अमरपाल ने अपना फोन बंद कर लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बागेश्वर धाम से लौटते समय अमित उर्फ भोंचू की हत्या की योजना बनाई।

## कंपनीकर्मियों को लात-घूंसों से पीटा

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले दो युवकों को पुरानी रंजिश के चलते एक कंपनीकर्मी ने अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दो नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईटा-2 स्थित मिशगन विलेज निवासी नितीश शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 के ए ब्लॉक की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। वह 28 मार्च को दोस्त आर्यन सोम के साथ कंपनी आ रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे कंपनी के पास ही सहकर्मी योगेश कुमार निवासी सेक्टर-22 मिल गया।

उसके साथ उसका भाई प्रशांत और दो अज्ञात दोस्त भी थे। आरोप है कि योगेश ने आर्यन सोम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

# बस चलने से सिर के बल रोड पर गिरी महिला की मौत, प्रारंभिक जांच में ड्राइवर-कंडक्टर दोषी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर थाना क्षेत्र में प्राइवेट बस में यात्रा कर रही महिला अचानक गिर गई। हादसा बस से उतरने के दौरान हुआ। सिर में चोट लगने के कारण महिला बेहोश हो गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार देर रात की है। एक प्राइवेट बस लखनऊ से सवारियां लेकर दिल्ली की ओर आ रही थी। इस बस में दिल्ली के हर्ष विहार निवासी पुष्पा शर्मा अपने बेटे के साथ सफर कर रही थीं। रात लगभग 2:30 बजे जैसे ही बस जेवर टोल के पास पहुंची तो 39.5 माइल स्टोन, शिवा ढ़ाबा के सामने बस अचानक खराब हो गई। ड्राइवर और कंडक्टर ने बस स्टार्ट करने की काफी कोशिश की, लेकिन बस स्टार्ट नहीं हुई। जिसके बाद बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने बस स्टार्ट करने के लिए सवारियों से ही काफी दूर तक धक्का लगवाया। इसके बाद भी जब स्टार्ट नहीं हुई तो ड्राइवर ने बस को किनारे खड़ा कर दिया और स्टार्ट करने की कोशिश करने लगा। बस को रुका हुआ देखकर उसमें सवार पुष्पा शर्मा नीचे उतरने लगी। तभी अचानक बस स्टार्ट होकर आगे बढ़ गई और वह झटके से सिर के बल नीचे गिरी, जिसके कारण उनके गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल नजदीक के अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**एक्सप्रेसवे के टोल फ्री नंबर पर कर सकते कॉल:** ड्राइवर और कंडक्टर ने बस खराब होने पर यात्रियों से धक्का लगवाया। जबकि उन्हें यमुना एक्सप्रेसवे के टोल फ्री नंबर पर मदद के लिए कॉल करनी चाहिए थी। एक्सप्रेसवे अथॉरिटी की ओर से आम. जनों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं।

**बिना हैंडब्रेक लगाए गाड़ी स्टार्ट कर रहा था ड्राइवर:** पुलिस की प्रारंभिक जांच में ड्राइवर और कंडक्टर की लापरवाही सामने आई है। ड्राइवर-कंडक्टर ने पहले सवारियों को बस से नीचे उतारकर उनसे धक्का लगवाया। इसके बाद वह बिना हैंडब्रेक लगाए गाड़ी स्टार्ट कर रहा था। अचानक जब बस स्टार्ट हुई तो गेयर में होने के कारण वह आगे बढ़ गई और बस में जोरदार झटका लगा।

# नोएडा वर्ल्ड स्कूल में एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देशों के क्रम में आज ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल के सेमिनार हॉल, एचएस-28, ब्लॉक-1, सिग्मा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आपदा प्रबंधन में सहभागिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जनपद स्तरीय अधिकारी, अध्यापक, आपदा मित्र, सिविल डिफेन्स के सदस्य एवं विद्यार्थीगण शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश तथा ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू कौल रायना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन, गाजियाबाद के प्रशिक्षक राजू यादव द्वारा प्रतिभागियों को सीएपी प्रशिक्षण के अंतर्गत एनडीआरएफ का परिचय, उसकी संरचना, उद्देश्य एवं भूमिका के साथ-साथ विभिन्न आपदाओं में त्वरित, विशेषज्ञ एवं पेशेवर बचाव कार्यों के समन्वय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, चक्रवात, आग, भू-स्खलन तथा रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को सीपीआर, एफबीएओ तथा बीएलएस जैसी जीवनरक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिसमें कार्डियक अरेस्ट, गला घुटने की स्थिति तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी गई। रक्तस्राव रोकने की तकनीकें जैसे प्रत्यक्ष दबाव, टूरनीकेट तथा वाउंड पैकिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उपलब्ध संसाधनों से इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर तथा फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने की विधियां भी प्रदर्शित की गईं। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, अलार्म बजने पर निर्धारित मार्ग से बाहर निकलना, असेंबली प्वाइंट पर अनुशासन बनाए रखना तथा टीम लीडर के निर्देशों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण व्यवहारिक पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ टीकम कुमार द्वारा कार्यशाला में प्राथमिक उपचार, भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट) तथा ट्रायज प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। जिला रिसोर्स पर्सन ममता भारद्वाज तथा मास्टर ट्रेनर/प्रशिक्षण समन्वयक श्रीयांश चतुर्वेदी द्वारा 'आपदा सखी' मॉडल पर आधारित प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बताया गया कि ग्रामीण महिलाएं आपदा के समय केवल पीड़ित नहीं बल्कि रक्षक की भूमिका भी निभा सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, खोज एवं बचाव तकनीकें, फायरमैन लिफ्ट, सुरक्षित निकासी के तरीके, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए बांस एवं साड़ियों से स्ट्रेचर तैयार करना, जोखिम मानचित्रण तथा गांव के सुरक्षित एवं जोखिम वाले मार्गों की पहचान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आपदा की पूर्व सूचना, राहत कार्यों तथा जागरूकता में स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस पहल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन को ग्राम पंचायत विकास योजना से जोड़कर गांवों को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाना है।

# प्राधिकरण के स्थापना दिवस पर कई परियोजनाओं का लोकार्पण संभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इस 17 अप्रैल नोएडा को बसे हुए 50 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर सेक्टर-96 में बन रहे प्राधिकरण के नए दफ्तर समेत कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कराने की तैयारी है। स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री के आने की संभावना है।प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि अभी सेक्टर-6 में मुख्य प्रशासनिक कार्यालय चल रहा है। इसके अलावा सेक्टर-5, 19, 20, 39, 94 आदि जगह भी प्राधिकरण के दफ्तर हैं। अब सेक्टर-96 में प्राधिकरण का नया दफ्तर बन रहा है। यहां पर सभी दफ्तर एक साथ होंगे। इसका काम अंतिम चरण में है। इस साल 17 अप्रैल को नोएडा को बसे हुए 50 साल पूरे हो जाएंगे।

इसको यादगार बनाने के लिए प्राधिकरण के नए दफ्तर के अलावा कुछ अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कराने की तैयारी है। प्राधिकरण के नए दफ्तर के अलावा सेक्टर-62 मॉडल गोलचक्कर पर बन रहा स्काईवॉक, जीआईपी मॉल के सामने बने घंटाघर, भंगेल एलिवेटेड रोड के लिए बनने वाले लूप समेत अन्य परियोजाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कराया जाएगा। औपचारिकता के तौर पर भंगेल एलिवेटेड रोड का भी शुभारंभ कराया जाएगा। परियोजनाओं की सूची तैयार की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री प्राधिकरण के नए दफ्तर में पहुंचकर लोकार्पण करेंगे। ऐसे में यहां जुड़ने वाली सभी सड़क, फुटपाथ आदि को बेहतर करने का काम शुरू कर दिया गया है।

# दो और स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के रामपुर और मेहंदीपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। बेहतर चिकित्सकीय सेवाओं के साथ कई अन्य मानकों पर खरा उतरने पर यह प्रमाणपत्र केंद्र सरकार की ओर से दिया जाता है। जिले के दो स्वास्थ्य केंद्रों से पहले जिला अस्पताल, कनारसी, तिलपता और रामपुर को यह प्रमाणपत्र दिया जा चुका है। यह प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले सरकारी चिकित्सकीय संस्थाओं की संख्या बढ़कर छह हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि दो आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस का गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। भविष्य में इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। आठ और केंद्रों का निरीक्षण करेगी टीमजिले के आठ और स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के बाद प्रदेश सरकार की टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बताया है। इन केंद्रों से जुड़ी सभी जानकारी राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रबंधन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जल्द ही केंद्र सरकार की टीम आकर इन केंद्रों का निरीक्षण कर सकती है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधाएं सही मिलने पर इन स्वास्थ्य केंद्रों को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356


Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# यूपी पीसीएस-2024 में नोएडा की करिश्मा चौहान का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। नोएडा से टॉप 20 में 17 वीं रैंक हासिल कर करिश्मा चौहान ने शहर का नाम रोशन किया है। करिश्मा चौहान ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में टाप 20 में जगह बनाई है। करिश्मा के पिता वीरेंद्र चौ और माता सीमा चौहान ने बताया कि बेटी सफलता से बहुत खुशी हुई है। उसकी मेहनत रंग लाई। इस वर्ष 947 पदों के लिए 2719 अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल हुए थे। बता दें कि इस बार 10 में 6 लड़कियां शामिल हैं। पहले, दूसरे, तीसरे, पांचवे, छठवें और सातवें स्थान पर लड़कियों ने बाजी मारी है। यह परिणाम प्रारंभिक परीक्षा के एक साल तीन महीने सात दिन बाद घोषित किया है।



**ओपन जिम लगाने का काम अप्रैल में शुरू होगा:** नोएडा। ग्रेटर नोएडा के कासना, सिरसा, डाढ़ा और गिरधरपुर समेत 18 गांवों में ओपन जिम लगाने का काम अप्रैल में शुरू होगा। प्राधिकरण ने कंपनी का चयन कर कार्य आदेश जारी कर दिया है।

इसके लिए प्राथमिक विद्यालय के परिसर और खेल मैदान में जगह चिन्हित कर ली गई है। प्रत्येक जिम में छह प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे।लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण ने सेक्टरों और अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में ओपन जिम स्थापित करने की योजना बनाई है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है।

आवासीय सेक्टर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम लगाने के बाद अब क्षेत्र के गांवों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि योजना के तहत प्रथम चरण में 18 गांवों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। इन गांवों के प्राथमिक विद्यालय और खेल मैदान में जगह चिन्हित की गई है। इस पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 17 अन्य गांवों में भी ओपन जिम की तैयारी चल रही है। इसकी भी निविदा जारी की जा चुकी है। अधिकारी के मुताबिक ओपन जिम लगाने वाली कंपनी तीन साल तक रखरखाव भी करेगी। गांवों के लोग फ्री में इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

> चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।
>
> **- एके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना, ग्रेटर नोएडा**

**इन गांवों में स्थान चिह्नित:** प्राधिकरण के वर्क सर्किल-8 के अंतर्गत आने वाले कासना, बिरौंडा, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, लड़पुरा, घंघौला, चीरसी, अस्तौली, गिरधरपुर, अमीनाबाद उर्फ नियाना, रामपुर माजरा, आजमपुर गढ़ी, दलेलगढ़, बागपुर, बिसायच, दादूपुर और नवादा में ओपन जिम लगाने का कार्य किया जाएगा।

**यह उपकरण लगाए जाएंगे:** गांवों में लगाई जाने वाली ओपन जिम में पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सिट- अप स्टेशन, शरीर को घुमाने और मरोड़ने के लिए उपयोग में आने वाला ट्विस्टर, एयर वॉकर, वन सीटेड चेस्ट प्रेस, खींचने वाली कुर्सी, पैर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए लेग प्रेस, मोटे रबर के फर्श की टाइल्स आदि उपकरण लगाए जाएंगे।

**ग्रेनो वेस्ट में भी तैयारी:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टरों में स्थित पार्कों में भी ओपन जिम, गार्डन बेंच और झूले लगाने की तैयारी चल रही है। ओपन जिम के साथ गार्डन बेंच और झूले लगाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2, 3, 16, 10,12, इकोटेक-12, टेक्जोन-4 व नॉलेज पार्क-5 आदि सेक्टरों में 70 से अधिक पार्क हैं।सेक्टरों की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों में भी ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 18 गांवों में ओपन जिम लगाने के लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है, जल्द काम शुरू करा दिया जाएगा।

# सुभारती विश्वविद्यालय में 'शाम-ए-गजल' का भव्य आयोजन

## पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन-मोहम्मद हुसैन ने बांधा समां, बेगम अख्तर की याद में हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग द्वारा पद्मभूषण बेगम अख्तर की याद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देशन में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के साथ संयुक्त तत्वावधान में 'शाम-ए-गजल' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मान से सम्मानित सुप्रसिद्ध गजल गायक अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात मंच कला विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत विश्वविद्यालय की परंपरा के अनुसार सभी विशिष्ट कलाकारों, मुख्य अतिथि एवं अन्य गण्यमान्य अतिथियों का पादप भेंट कर तथा पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। गजल संध्या में पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात गजल गायक उस्ताद अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन ने अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुति 'प्यार का जज्बा नया रंग दिखा देता है' और हसरत जयपुरी की लिखी गजल 'इश्क गर एक तरफ हो तो सजा देता है', 'चल मेरे साथ ही चल' से श्रोताओं को एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान किया। इस मौके पर हुसैन बंधुओं का साज पर संगत प्रख्यात सारंगी वादक कमाल खान, कीबोर्ड वादक जफर मिर्जा, गिटार वादक रतन प्रसन्ना तथा तबले पर अदनान खान ने साथ देकर कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी व विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ शहर के पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल रहे। वहीं प्रो. जयंत खोत, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित नाहर, पंडित कमाल साबरी, पंडित संतोष नाहर आदि की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को शुभकामनाएं दीं। वहीं विश्व. विद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो.(डॉ.) शल्या राज ने सभी का विश्वविद्यालय की ओर से औपचारिक रुप से स्वागत किया व कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कलाकारों की सराहना की तथा ललित कला संकाय एवं मंच कला विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान-प्रतीक एवं शाल भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह आयोजन ललित कला संकाय के संकाय प्रमुख प्रो.(डॉ.) पिंटू मिश्रा एवं मंच कला विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भावना ग्रोवर के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. श्वेता चौधरी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सुभारती विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे जिनमें विश्वविद्यालय के महानिदेशक मेज. जन. (डॉ.) जी.के.थपलियाल, एसएम (सेनि.), सुभारती डिफेंस अकादमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी (सेनि.), डॉ. पंकज किशोर, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. लकी त्यागी, डॉ. अमित कुमार, अंशुल चौधरी, जतिन आदि रहे वरन शहर की कई नामचीन हस्तियों ने भी अपनी शिरकत से इस मौके को खास बना दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले लोगों में मेजर जनरल प्रणय डंगवाल, पूर्णिमा डंगवाल, कर्नल अमित सिंह सहित अनेक सेना अधिकारियों, शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं संगीत प्रेमियों के नाम रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। तालियों की गूंज और कलाकारों के सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजकों के अनुसार, ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**चौधरी राकेश टिकैत को उड़ीसा सरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया जिसके विरोध में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सीओ मवाना का कार्यालय पर अनिश्चितकालिन धरना देकर बैठ गए।**

# कैंट विधायक ने आंगनबाड़ी केन्द्र गगोल का किया लोकार्पण, मुख्य सेविकाओं को दिए मोबाइल फोन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद मेरठ की 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की नवीन डिजाइन के प्रस्तुतीकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के लोकार्पण तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों के शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अवलोकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र गगोल का लोकार्पण किया गया तथा जनपद की 158 मुख्य सेविकाओं को विभागीय कार्यों के सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु मोबाइल फोन वितरित किए गए। इस अवसर पर नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को उनके दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं तथा नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली किठौर में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली किठौर में परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें वार्षिकोत्सव वह मीना मंच मेला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजबाला व संचालन शादाब अली ने किया कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती पर माला अर्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम वितरित किया गया, परीक्षा फल प्राप्त कर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे प्रथम द्वितीय वृत्तीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान की गई बच्चों ने मीना नाटक वह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ताजुल मलूक ने अपने विचार प्रस्तुत किया और विद्यालय में मौजूद सुविधाओं जैसे आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी आदि के संबंध में जानकारी दी थाना किठौर से आई पुलिस टीम ने टोल फ्री नंबरों से बालिकाओं और महिलाओं को अवगत कराया ग्राम प्रधान नंगली ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यापक गणों जिसमे अतिया, रेनू चौधरी, रेखा, पिंकी आदि मौजूद थे।

# प्राथमिक विद्यालय खिरका में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरका में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से 'छोटी सी आशा' एवं 'बाल विवाह रोकथाम' विषय पर आधारित प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान श्री जितेन्द्र गंग. वार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष श्री धर्मपाल जी मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरीश बाबू के नेतृत्व में सीमा अग्रवाल, प्रीती चौधरी, सीमा रस्तोगी, संजीत प्रकाश सक्सेना, ओंकार शरण, मुक्ता अग्रवाल, समर पाल गंगवार, ज्ञान प्रकाश, कुसुमलता एवं रामभरोसे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका निभाई।समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अंत में ग्राम प्रधान ने नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की।

# स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## प्रबंधक डॉ. नुसरत सेठ ने कहा मुल्क का भविष्य हैं छात्र-छात्राएं, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर के स्टार अल-फलाह इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंट तो देते हुए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम शिक्षा व सामा. जिक योगदान और विशेष उपलब्धियां को पहचान देने के लिए संस्था में हर वर्ष आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं के मनोबल को बढ़ाने व आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और प्रतिभा की प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम कस्बा किठौर स्थित स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज मैं छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया व प्रोत्साहित किया गया जिन छात्र-छात्राओं ने कक्षा 9 व 11 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया उनको रिजल्ट कार्ड के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किठौर चेयरमैन पति सलमान मुनक. াद, एडीओ माछरा राजकुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट शराफत अली ने किया। मुख्य अतिथि सलमान मुनकाद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं है इसे विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा सामने आती है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है उन्होंने कहा कि आजकल के बच्चे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और समाज मैं अपना योगदान दे रहे हैं स्कूल प्रबंधक डॉक्टर नुसरत सेठ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा के आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में तुमको अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। आप सभी छात्र-छात्राएं अभी से ही अपने भविष्य को संवारने के लिए अपनी पढ़ाई लगन के साथ शुरू कर दें उन्होंने कहा कि तुम मुल्क का भविष्य हो अगर तुम बुनियादी तौर पर मजबूत होंगे तो मुल्क की जड़े भी मजबूत होगी और यह सब कुछ आप शिक्षा से हासिल कर सकते हैं समारोह के दौरान कक्षा 9 में प्रथम टॉपर मीनाक्षी पुत्री योगेंद्र कक्षा 11 गणित में प्रथम टॉपर आयशा पुत्री शराफत एडवोकेट और कक्षा 11 जीव विज्ञान में प्रथम टॉपर सन पुत्री जावेद अली रहे इसके अतिरिक्त द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंट तो देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर छात्र-छात्राओं के परिजन भी मौजूद रहे जिन्होंने अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाया मुख्य रूप से विरासत त्यागी, अमित कुमार, सुदीप कुमार, पवन कुमार, अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार शकील सैफी, डॉक्टर फुरकान, संजय, आंसू इकराम अली, वरुण कुमार आदि अध्यापकगण व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दिव्यांग जनों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील परिसर में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दिव्यांग उत्थान समिति के हृदय नारायण के नेतृत्व में दिव्यांगजन तहसील पहुंचे।

दिव्यांगों ने मांग रखी कि सरक. ारी नौकरी में 4 प्रतिशत का आरक्षण हो। व्यापार करने के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जाए।आरपी डब्लू डी एक्ट का सभी नियम व शर्तों के अनुसार पालन हो। बच्चों को सरक. ारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दिलाई दिया है। इसके अलावा अन्य मांगे भी ज्ञापन में शामिल करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम इशिता किशोर को दिया गया।

# धोबी तालाब की जमीन पर कब्जे की कोशिश नाकाम

**■ जांच में खुलासा-डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी क्षेत्र स्थित धोबी तालाब की भूमि पर कथित रूप से गलत तरीके से बैनामा कर कब्जे की शिकायत के मामले में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। जांच में स्पष्ट हुआ है कि तालाब की जमीन पर किसी भी सहखातेदार का कब्जा नहीं है और भूमि वर्तमान में जलमग्न अवस्था में है, जबकि कुछ लोग सड़क किनारे हिस्से पर अवैध कब्जे की कोशिश कर रहे हैं।

मामला 20 सितंबर 2025 को तहसील दिवस में उठाया गया था, जहां नगर पालिका परिषद बहेड़ी के कुछ सभासदों ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि भू-माफियाओं द्वारा तालाब के आगे के हिस्से पर गलत तरीके से बैनामा कर कब्जा किया जा रहा है। शिकायत में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए थे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप जिलाधिकारी आंवला और तहस. ीलदार सदर की त्रिसदस्यीय जांच समिति गठित कर स्थलीय व अभिलेखीय जांच के निर्देश दिए थे। समिति की जांच में पाया गया कि राजस्व ग्राम शेखूपुर, परगना चौमहला, तहसील बहेड़ी स्थित गाटा संख्या 234 (रकबा 0.986 हे.) राजस्व अभिलेखों में श्रेणी-6-1 के अंतर्गत तालाब के रूप में दर्ज है। इसी गाटा के कुछ हिस्सों में विभिन्न व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, लेकिन मौके पर इनका कोई वास्तविक कब्जा नहीं पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार, तालाब के पूर्व दिशा में नारायण नगला रोड स्थित है, जो मौके पर चालू है और उसके दोनों ओर आबादी बसी हुई है। तालाब और सड़क के बीच स्थित त्रिभुजाकार भूमि (गाटा संख्या 462, क्षेत्रफल 3 बिस्वा) राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इसी हिस्से पर अन्य गाटा संख्या 355 व 356 के बैनामेदारों द्वारा अनधिकृत कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैध है।

जिलाधिकारी ने जांच आख्या के आधार पर उप जिलाधिकारी बहेड़ी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए हैं कि मामले में नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखा जा सके।

# नगर में निकला आरएसएस का पथ संचलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हिंदु नव वर्ष के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन रामलीला ग्राउंड से शुरू हुआ, जो कस्बे के मुख्य मार्ग, बिजौरिया मार्ग, खारिजा मार्ग, बाईपास मार्ग, कचहरी मार्गों से होते हुए वापस रामलीला ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक निर्धारित वेशभूषा में अनुशासित पंक्तियों में चलते नजर आए। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पथ संचलन का फूल की वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का संद. ेश दिया। पथ संचलन में विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, चोखेलाल गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, सभासद रामप्रकाश गंगवार, भानु गंगवार, सर्वेश गंगवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष केशव गुप्ता, युवा नेता सचिन रस्तोगी, देवेश देवल, हरस्वरूप गंगवार, अरविन्द शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# गांजा तस्करों से बदर अली की नाजदीकियां !

## आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद से भी कराई मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांजा तस्करों से बदर अली की नजदीकियां किसी से छुपी नही हैं। पिछले दिनों काशी टोल प्लाजा पर पुलिस ने घेराबंदी करके एक ही स्कोर्पियो में बदर अली के साथ गांजा तस्कर तस्लीम और सलमान कुरेशी को दबोच लिया था। पुलिस सभी स्कोर्पियो सवार को परतापुर थाना ले आई थी। रात भर कस्टडी में रखने के बाद अगले दिन सुबह परतापुर पुलिस ने सलमान कुरैशी से लगभग आधा किलो चरस बरामद करके सलमान और तस्लीम की जेल भेज दिया था जबकि बदर अली व पार्षद शमशाद माहिगीर और दानिश सैफी व अन्यों का तस्करा डालकर थाने से छोड़ दिया गया था। मामले में बदर अली का कहना था कि उन्हें मालूम नहीं था कि सलमान, गांजा तस्करी में शामिल है। सलमान पिछले हफ्ते ही जेल से बाहर आया तो आते ही बदर अली ने अपने और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के साथ उसके बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर





लगाकर गांजा तस्कर से अपनी नाजदीकियां जाहिर कर दी। पोस्टर में सलमान को आसपा का शहर विधानसभा उपाध्यक्ष बताया गया है। इसी बीच कल से सोशल मीडिया पर कुछ फोटो वायरल हो रहे हैं। फोटो में बदर अली व पार्षद शमशाद के साथ गांजा तस्कर भी चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात करता हुए दिखाई दे रहा है। पोस्ट पर बताया गया कि आगामी चुनाव को लेकर बदर अली ने क्षेत्र के कुछ लोगों के साथ चंद्रशेखर आजाद से ये मुलाकात की है लेकिन चर्चा ये है कि बदर अली अब गांजा तस्करों के भरोसे चुनाव में उतर रहा है या बदर अली के साथ शहर का कोई जिम्मेदार समूह नहीं है। गांजा तस्करी में सलमान को जेल भेजने के बाद पुलिस की पीठ थपथपाने वाले बदर अली की आखिर क्या मजबूरी है कि वह इन गांजा तस्करों का साथ नहीं छोड़ पा रहा है। दोनों की इस जुगलबंदी को लेकर भी कई तरह की बातें चर्चा में हैं।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। एकेडमिक अचीवर्स में ह्निजा, इशा, संयम, जुवेरिया, अवि. राज, अवनी, कबीर, मरहान, अनुष्का, हमजा, तल्हा, ऐशल, अजीम, इफरा, बरसात, नबिया, अभिषेक, आयरा, एमन, अदिना, मिरजा, शयान, अनिका जैन, एमरीन, मनन, जैनब, प्रखर, शौर्य, गर्व सोम, प्रहस्त, आकिब, वानी मित्तल, अराधना, तमन्ना, मौसम, राफिया व पर्व प्रमुख रहे। रिपोर्ट कार्ड मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलकती दिखी और वे अगली कक्षा में जाने को उत्साहित नजर आए। उप-प्रधानाचार्या प्रभा राव ने




विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों को भी बधाई दी।

# स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हवन पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में स्थित स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल में सोमवार को विधि विधान के साथ नये सत्र 2026-27 के प्रारंभ में पंडित वैभव भारद्वाज द्वारा हवन पूजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक मनोज तोमर व प्रधानाचार्या रीना तोमर अध्यापकगण रामगोपाल, राशिद अली, शाहनवाज सैफी, असीम, मंजू, पूजा, सुनीता, विनीता, स्वाति, कुमारी खुशी सैनी, काजल सिरोही, नेहा, पारुल, अहसान, जतिन, अभिषेक एवं समस्त अध्यापक एवं समस्त कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा श्री गणेश एवं मां सरस्वती को ध्यान करते हुए मंत्रो के साथ हवन को आहुति दी गई तथा प्रसाद वितरण के साथ नये सत्र का शुभारंभ किया गया।

## चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 24 नॉमिनेशंस के साथ धुरंधर सबसे आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की 'स्क्रीन एकेडमी' ने आगामी 5 अप्रैल को होने वाले 'चेतक स्क्रीन अवार्ड्स' के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा कर दी है। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के सम्मान में आयोजित किया जाएगा। आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर 'धुरंधर' 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की 'सैयारा' ने 17 और नीरज घेवान की 'होमबाउंड' ने 15 श्रेणियों में अपनी जगह बनाई। ये नॉमिनेशंस थिएटर और ओटीटी, दोनों प्लेटफॉर्म्स की फिल्मों के लिए हैं, जो आज के भारतीय सिनेमा की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं। 20 वर्षों में पहली बार, कोई फिल्म अवॉर्ड शो लाइव टेलीकास्ट होगा। 'द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप' की डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच के तहत, यूट्यूब के साथ खास साझेदारी के जरिए इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, इसका सीधा प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर भी होगा।

# हवन पूजन के साथ डीपीएम पब्लिक स्कूल मे नये सत्र का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सोमवार को हवन पूजन के साथ डीपीएम पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ सचिव जगदीश त्यागी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य श्रेष्ठ संस्कार और विद्यालय की निरंतर उन्नति के लिए की विशेष मंगलकामना की गई। बतादें कि डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में सोमवार को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप हवन पूजन, गणेश वंदना एवं सरस्वती पूजन के साथ भव्य रूप से किया गया। विद्यालय परिसर प्रात: काल से ही भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया। नए सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओं उनके अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं मंगलकामनाओं के साथ आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के पूजन से हुआ। जिसके बाद विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की विधिवत आराधना की गई। विद्यालय परिवार ने प्रार्थना की कि नवीन सत्र में सभी विद्यार्थियों को प्रखर बुद्धि, सद्बुद्धि, उत्तम संस्कार, शिक्षा में उत्कृष्ट सफलता तथा जीवन में निरंतर प्रगति प्राप्त



हो। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं स्टफ सदस्यों ने पूर्ण श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आहुति देकर नए सत्र के मंगलमय होने की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने कार्यक्रम की मुख्य भूमिका निभाते हुए संपूर्ण हवन पूजन को विधि-विधान एवं वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया। उनके निर्देशन एवं विशेष देखरेख में पूरा आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हवन पूजन के साथ करने का उद्देश्य बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था का विकास करना है।

# भाजपा नेताओं ने किया नवनियुक्त सभासदों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर के नवनियुक्त मनोनीत सभासदों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह नित्यानंद पुर मार्ग स्थित एफबी बैंकट हॉल में आयोजित हुआ, जिसकी मेजबानी भाजपा नेता तारिक खान ने की। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त सभासद अमित सैनी और विनोद कुमार का माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर तारिक खान ने कहा कि पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी देकर उनका सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी

**■ शाहजहांपुर के बैंकट हॉल में आयोजित हुआ कार्यक्रम, पार्टी पदाधिकारी रहे मौजूद**

सभासद क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुज नागर (मंडल अध्यक्ष), तारिक खान (भाजपा नेता एवं मंडल उपाध्यक्ष), अनिल अग्रवाल (मंडल उपाध्यक्ष), शाहिद खान, दानिश कसार, अंकित प्रधान और विक्रांत त्यागी आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर ने तोड़ी गरीब मजदूरों की कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के यहां लगे स्मार्ट मीटरों ने उल्टा सीधा बिल भेजकर जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। अधिकारी स्मार्ट मीटर के बारे में इसके लाभ हानि इसकी त्रुटियों के बारे में अनभिज्ञ नहीं है, भलीभांति जानते है। हर रोज बिजली घरों पर अपने कनेक्शन कटने की शिकायत हो या बिजली का बिल अधिक आने की वजह से जनता बेहाल है।

### बिजली विभाग ने रीडिंग के नाम पर स्मार्ट मीटर लगाने का सर्वे कर जनता को किया गुमराह

बिजली विभाग के कर्मचारियों ने घर घर जाकर मीटर रीडिंग के नाम पर सर्वे कर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को अमलीजामा पहनाने को जनता को गुमराह किया गया, फिर स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं को थोपा गया है। गांव से लेकर बड़े शहरों तक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। स्मार्ट मीटरों की वजह से आज जनता की जेब पर डाका डाल उसकी कीमत बिजली घरों के चक्कर काट कर भुगत रही है।



### प्रीपेड मीटरों से सीधा संबद्ध लखनऊ से नहीं होती कोई सुनवाई

जनता को अधिक परेशानियों का सामना स्मार्ट मीटरो को पोस्टपेड़ से प्रीपेड करने में अधिक आई है। प्रीपेड मीटरों का सीधा संबद्ध लखनऊ मुख्यालय से जुड़ा है। जिसकी कही कोई सुनवाई नहीं है। उल्टा सीधा बिल आने पर अधिका. रियों के हाथ कुछ नहीं है केवल अधिकारियों के पास एक जवाब है टेक्निकल समस्या है। अगले बिल में ठीक हो जाएगी। महीने बाद बिल का चक्कर समाप्त रिचार्ज करो बिजली उपयोग में लो वरना कनेक्शन काट दिया जाता हैं।

कंकरखेड़ा में रहने वाले इंद्रजीत पुत्र आशाराम की बिजली काट दी गई बिल जमा करने के बाद भी बिजली चालू नहीं हुई तीन दिनों तक अंधेरे में दो दिन बाद फिर बिजली काट दी गई। दो दिन में दो हजार चार सौ रुपए का बिल फिर बिजली काट दी गई। कमला देवी पत्नि राजेश के साथ भी यही घटना घटी। वहीं पास में रहने वाली कलावती सुशील कुमार, विवेक अन्य उपभोक्ताओं के साथ यही समस्या आ रही है।

### योगेंद्र कुमार पूर्व सभासद

दिसंबर में सोलर प्लांट लगवाया था लगने के बाद से हर माह बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है 23 मार्च को बिजली काट दी गई। बिल जमा किया जबकि मेरी सोलर प्लांट से बनी 427 यूनिट बिजली विभाग पर बकाया है। वही कॉमर्शियल कनेक्शन 26 जनवरी को लगवाया था दुकान चालू नहीं हुई फरवरी में चार हजार आठ सौ का बिल आया, जमा किया फिर वहीं 27 मार्च को सात सौ रुपए का बिल में बिलजी काट दी गई। सोमवार को गंगानगर बिजली घर शिकायत की तो वहां एक्सईएन सौरभ मंगला मौके पर मिले। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर एप्लिकेशन डाउनलोड कर लो डाउनलोड किया तो उसमें आया जियो ऐप में आपका स्वागत है। तब समझ आया ये खेल तो आड़ानी कर रहे हैं। बाकी सब उसकी कठपुतली बने हुए हैं।

# गौरव गुप्ता बने मेरठ व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बा निवासी व लावड़ व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मेरठ इकाई में जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें सोमवार को जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर द्वारा मनोनय पत्र दिया गया और फूल माला पहनाकर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं लावड़ व्यापार संघ के महामंत्री नायाब रिजवी व गौरव गुप्ता ने लावड़ नगर पंचायत द्वारा लगाए जा रहे व्यापारी शुल्क के बारे में मेरठ इकाई के पदाधिकारियों को अवगत कराया जिसके संबंध में जल्द ही कोई बड़ा

**■ लावड़ के व्यापारियों ने प्रतिष्ठान पर पहुंचकर दी बधाई**

निर्णय लिया जाएगा। वहीं सोमवार की देर शाम गौरव गुप्ता के प्रतिष्ठान पर व्यापार संघ के अन्य पदाधिका. रियों व व्यापारियों ने पहुंचकर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस दौरान गौरव गुप्ता ने कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को ओर अधिक शक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर व्यापार संघ महामंत्री नायाब रिजवी, मोहन सैनी, हाजी खुर्शीद आदि लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर नगर पंचायत में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण, विकास के संकल्प के साथ गूंजा परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में सोमवार को नव-नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। नगर पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह के दौरान नव-नामित सदस्य संजू अग्रवाल, विनोद अहेरिया एवं अमित सैनी ने विधिवत अपने पद एवं दायित्व की शपथ ग्रहण की। शपथ लेते हुए तीनों सदस्यों ने नगर के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनसेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में नगर पंचायत के विकास को नई दिशा देने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, नव-नामित सदस्यों से अपेक्षा जताई गई कि वे जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भी नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनका कार्यकाल नगर पंचायत शाहजहांपुर को प्रगति की



नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। समारोह के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, चेयरमैन वसी उर्रहमान खां, डॉ. यूसुफ, बबलू अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मौ. फैजी खान, अंकित भडौली, विक्रांत त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सभासदगण विकास कुमार, संजय, लईक कुरैशी, शादाब, इसरार अहमद, बिल्लू कुमार, सुभाष, कासिम मालिक, जाहिद अंसारी आदि की भी उपस्थित रहे।

# सुभारती लॉ कॉलेज के छात्रों का परतापुर थाने में शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा विधि विद्यार्थियों के लिए परतापुर पुलिस थाने का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय) के निर्देशन एवं संकायाध्यक्षा डॉ. रीना बिश्नोई के संरक्षण में किया गया। भ्रमण के दौरान डॉ. रीना बिश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को कानून-व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना है। वहीं निदेशक राजेश चन्द्रा ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों को शिकायत दर्ज करने, काउंसलिंग एवं विवाद समाधान जैसी प्रक्रियाओं की वास्तविक जानकारी प्राप्त होती है। विद्यार्थियों का दल परतापुर पुलिस थाना पहुंचा, जहां थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के




तहत महिला सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु पुलिस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अवर निरीक्षक द्वारा छात्रों को एफआईआर दर्ज करने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक की पूरी प्रक्रिया क्रमबद्ध तरीके से समझाई गई। पुलिस अधिकारियों ने असंज्ञेय अपराध, पंचनामा, महिला सुरक्षा कानूनों एवं हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों ने उत्साहपूर्वक कई प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल एवं सहज भाषा में संतोषजनक उत्तर दिया। इस शैक्षिक भ्रमण में अंबिका, सौम्या, अंशु राज, ओम, आदित्य बनर्जी, आदित्य पुंडीर, जाकिर, पृथ्वी, रिया चौबे, रिया शर्मा, ओसामा, मुन्ना, तबरेज, जाने आलम, निधि, नव्या, अंशिका, कुंदन सहित अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# राजस्थान ने चेन्नई को 127 रन पर रोका

### जैमी ओवरटन ने सर्वाधिक 43 रन बनाए जडेजा, बर्गर व आर्चर को 2-2 विकेट

**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल के तीसरे मैच में राजस्थान रायल्स ने चेंन्नई सुपर किंग्स को 127 रन पर समेट दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में आरआर के कप्तान रियान पराग ने बालिंग चुनी थी। चेन्नई से जैमी ओवरटन टॉप स्कोरर रहे, उन्होंने 43 रन बनाए। डेब्यू मैच में कार्तिक शर्मा ने 18 और इम्पैक्ट प्लेयर बनकर उतरे सरफराज खान ने 17 रन बनाए। बाकी कोई भी बैटर 10 रन तक नहीं पहुंच सका। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेल रहे रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए।

जोफा आर्चर और नांद्रे बर्गर को भी 2-2 विकेट मिले। संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई और डेब्यू कर रहे बृजेश शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। 1 बैटर रन आउट भी हुआ। 20वें ओवर में जैमी ओवरटन 43




रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके विकेट के साथ सीएसके 127 रन पर सिमट गई। ओवरटन के अलावा कार्तिक शर्मा ने 18 और सरफराज खान ने 17 रन बनाए। 16वें ओवर में चेन्नई ने 9वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल रवि बिश्नोई ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। मैट हेनरी ने बिश्नोई को ही कैच दे दिया, वे 5 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स ने 15 ओवर के बाद 8 विकेट खोकर 93 रन बना लिए। जैमी ओवरटन और मैट हेनरी ने टीम को 90 के पार पहुंचाया। टीम ने 82 रन पर 8वां विकेट गंवा दिया था। 13वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया। जोफा आर्चर ने ओवर की पांचवीं बाल फुलर लेंथ फेंकी। नूर अहमद शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 रन ही बना सके। आर्चर ने ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में चेन्नई ने 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल बृजेश शर्मा ने फुलर लेंथ इन स्विंगर फेंकी। कार्तिक शर्मा फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स पर लग गई। राजस्थान ने स्ठॅ की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। कार्तिक अपने डेब्यू मैच में 18 रन बनाकर आउट हुए। बृजेश ने भी डेब्यू मैच में पहला विकेट लिया। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बाल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शाट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स से लग गई।

राजस्थान ने अपील की और अंपायर ने पगबाधा आडट दे दिया। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लान्ग आफ पर कैच करा दिया। दुबे 6 रन ही बना सके। चेन्नई ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। डेब्यू कर रहे कार्तिक शर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। सरफराज खान भी पिच पर मौजूद रहे। संदीप शर्मा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में विकेट लिया। चेन्नई ने पावरप्ले में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल संदीप शर्मा ने स्लोअर फेंकी। मैट शार्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन शार्ट मिड-विकेट पोजिशन पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच हो गए। शार्ट 2 रन ही बना सके। पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद सीएसके ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया।

---

## खेल विशेष

### 31-सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को एक से नौ अप्रैल तक चलने वाले 31 सदस्ईय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा की है। टीम हाल ही में हैदराबाद, तेलंगाना में संपन्न हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस कैंप में हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में टीम ने रजत पदक हासिल किया था और आगामी एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाला) के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया था। इस शिविर का मुख्य जोर टीम के तालमेल को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की फिटनेस के स्तर को ऊपर उठाने और खेल के रणनीतिक पहलुओं को और अधिक पैना करने पर रहेगा। यह सब नई कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में टीम को एक ठोस आकार देने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भारत जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेने वाला है। इसके बाद अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 होगा, और फिर 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में 2026 एशियाई खेलों का आयोजन किया जाएगा। गोलकीपिग यूनिट में सविता, माधुरी किडो, बंसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबाम शामिल हैं।

### एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप, भारत की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर 20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 'यंग टाइग्रेस' की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। वह अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को थम्मासेट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच अप्रैल, पाथुम थानी स्टेडियम में और चीनी ताइपे के खिलाफ (आठ अप्रैल पाथुम थानी स्टेडियम में मैच होगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टरफाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर-फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर 20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची थीं, और उन्हें वहां के स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले। यात्रा करने वाले दल में 24 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से अब डिफेंडर अल्का इंदवार को टीम से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि एलेक्जेंडर्सन ने अंतिम टूर्नामेंट के लिए अपनी 23-खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दे दिया है।

---

# पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर

## IPL 2026: चौथा मैच आज, गुजरात का लक्ष्य सीजन की मजबूत शुरुआत

**मुल्लनपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के चौथे मैच में मुल्लनपुर, न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स जहां अपनी मजबूत बल्लेबाजी पर निर्भर है, वहीं गुजरात टाइटन्स संत. ुलन और संरचना पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां व्यक्तिगत खिलाड़ी मैच का रुख बदल सकते हैं।

पंजाब किंग्स के लिए, अभियान एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू होता है: घरेलू मैदान पर अपनी बादशाहत फिर से कायम करना। उनकी बल्लेबाजी इकाई, जो आक्रामक इरादे और गहराई के लिए बनाई गई है, इस महत्वाकांक्षा का केंद्र है। सबसे आगे कप्तान श्रेयस अय्यर हैं, जिनकी भूमिका केवल रन बनाने से कहीं अधिक है, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी को संभालें, दबाव झेलें, और मिली हुई शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलें, जो टीम के दबदबे के लिए एक मजबूत आधार तैयार करे। शीर्ष क्रम की जोड़ी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह, पारी की शुरुआत में ही आक्रामकता लाती है, जिसका लक्ष्य पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना और विरोधी गेंदबा. जों को परेशान करना होता है। मध्य क्रम में, नेहल वढेरा परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता प्रदान करते हैं, जबकि मार्कस स्टोइनिस एक गतिशील ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल होते हैं, जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। यह मुख्य टीम सुनिश्चित करती है कि पंजाब की पारी में आक्रामक इरादे और लचीलापन, दोनों ही बने रहें। पंजाब की 'घरेलू मैदान पर वापसी' की कहानी को जो बात और भी मजबूत बनाती है, वह है उनके निचले मध्य क्रम की गहराई।

शशांक सिंह और अजमतुल्लाह ओमरजई में पारी को शानदार ढंग से समाप्त करने की क्षमता है, जिससे टीम बिना अपनी संरचना खोए, मैच के अंतिम क्षणों में तेजी से रन बना पाती है। ऐसी पिच पर, जिससे बल्लेबाजो को मदद मिलने की उम्मीद है, बल्लेबाजी की यह गहराई एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने या उसका पीछा करने में निर्णायक साबित हो सकती है। हालांकि, पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रखना है। अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में जिम्मेदारी के साथ गेंदबा. जी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिन्हें लॉकी फर्ग्यूसन की तेज गें. दबाजी का भरपूर समर्थन मिलेगा। युजवेंद्र चहल की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजी विभाग मध्य ओवरों को नियंत्रित करने और विकेट लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन दोनों टीमों का सामूहिक प्रदर्शन ही तय करेगा कि पंजाब अपनी बल्लेबाजी की ताकत को मैच में पूर्ण प्रभुत्व में बदल पाता है या नहीं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में अधिक संयमित और व्यवस्थित रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।

---

# गेंद से छेड़छाड़ मामले में फखर जमान पर लग सकता है प्रतिबंध

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी फखर जमान पर कम से कम एक मैच का प्रतिबंध लग सकता है।

फखर जमान ने रविवार को पीएसएल 2026 के मैच में लाहौर कलंदर्स की कराची किंग्स के हाथों चार विकेट की हार के दौरान गेंद से छेड़छा की यह घटना सामने आई थी।

यह घटना किंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आखिरी ओवर की शुरुआत में हुई। उस समय मैदानी अंपायर फैसल अफरीदी ने हारिस रऊफ से गेंद निरीक्षण के लिए ले ली थी, क्योंकि गेंद शाहीन शाह अफरीदी और फखर के बीच एक-दूसरे को पास की गई थी।

फैसल ने दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शरफुद्दौला के साथ लंबी चर्चा की और दोनों ने गेंद से छेड़छाड़ होने का संदेह जताते हुए उसे बदलकर दूसरी गेंद लाने का फैसला किया। किंग्स को पांच पेनल्टी रन दिए गए और उनके बैट्समैन-खुशदिल शाह और आजम खान-को दूसरी गेंद चुनने की इजाजत दी गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार, कलंदर्स के इस खिलाड़ी पर लेवल-111 का अपराध करने का आरोप लगाया गया है।

---

# ग्रीन के गेंदबाजी ना करने पर रहाणे ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछिए

**मुम्बई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिक्य रहाणे ने कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के सवाल पर कहा कि इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से पूछिए कि वह क्यों गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

ग्रीन ने टी-20 विश्व कप के बाद से ही गेंदबाजी नहीं की है। सोमवार को सीए ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ग्रीन पीठ के निचले हिस्से की हल्की चोट से उबर रहे हैं और गेंदबाजी में वापसी की उनकी टाइमलाइन आईपीएल से पहले ही केकेआर को बता दी गई थी। सीए के प्रवक्ता ने कहा कि कैमरन के पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका ईलाज चल रहा है। उन्हें कुछ समय के लिए गेंदबाजी से दूर रहना होगा। वह इस समय भारत में धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि करीब 10-12 दिनों में वापसी कर सकें। केकेआर को यह जानकारी दे दी गई है और वे इससे पूरी तरह वाकिफ हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रीन ने सितम्बर 2024 से अक्तूबर 2025 तक 12 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं की थी,

क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस फैक्चर की सर्जरी हुई थी। कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने ग्रीन को 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गेंदबाजी संयोजन के स्थिर न होने पर रहाणे ने कहा कि टीम अभी सही संतुलन तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है जब ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू करेंगे, तो संयोजन थोड़ा अलग होगा। अभी हमें संतुलन देखना है और यह समझना है कि हमारे लिए कौन अच्छा गेंदबाजी कर सकता है। बल्लेबाजी में हमने अच्छा किया, लेकिन गेंद से सही संतुलन ढूंढना बहुत जरूरी है। उम्मीद है ग्रीन जल्द गेंदबाजी शुरू करेंगे, तब हम देख पाएंगे कि संयोजन सही बैठता है या नहीं। केकेआर की मुश्किलें कई मुख्य तेज गेंदबा. जो की गैरमौजूदगी से और बढ़ गई हैं, जिससे टीम को कम अनुभव वाले खिलाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ा है। रहाणे ने इसे चुनौती भरा दौर बताया,

लेकिन इसे टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका भी कहा। एमआई के खिलाफ छह विकेट की हार में उन्होंने ब्लेसिग मुजरबानी, कार्तिक त्यागी और वैभव अरोड़ा को तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाया, जबकि स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती के साथ सुनील नारायण और अनुक. ूल रॉय ने संभाली। रहाणे ने कहा कि स्पिनर्स पर दबाव कम करने के लिए एक अतिरिक्त तेज गें. दबाज होना जरूरी है, और सही संतुलन तभी बनेगा जब ग्रीन पूरी तरह योगदान दे पाएंगे।

---

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराया

**बासटेयर, वार्ता।** बेथ मूनी (65), फीबी लिचफील्ड (46) और जॉर्जिया वेयरहम (39 रन/तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 90 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 46 ओवरों में 179 रन पर सिमट गई।

हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। किआना जोसेफ (29), स्टेफनी टेलर (18), शिनेल हेनरी (19) और करिश्मा रामहैक (14) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने 28 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन-तीन विकेट लिए। तालिया मैग्रा को दो विकेट मिले। अलाना किंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार रात




खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में सात विकेट पर 269 रन का स्कोर बनाया। जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 11वें ओवर में अश्मिनी मुनिसार ने जॉर्जिया वॉल (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की अगली गेंद पर उन्होंने एलिस पेरी (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 14वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने फीबी लिचफील्ड (46) को आउट किया। तालिया मैग्रा (24), जॉर्जिया वेयरहम (39) रन बनाए। बेथ मूनी ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। निकोला कैरी (30) और अलाना किंग (26) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज के लिए हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए।

---

# तीरंदाज कोमालिका बारी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

**रायपुर, वार्ता।** वर्ष 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपने राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब से जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा।

कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है।



पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं। कोमालिका ने साई मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य (2028) ओलंपिक है। इस समय मेरा प्रशिक्षण काफी अच्छा चल रहा है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है, क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। मेरी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मैच अनुभव हासिल करने के अलावा वह अधिक से अधिक जनजातीय बच्चों को इस खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं।

कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया। उन्हें उनकी मां, जो एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, का पूरा समर्थन मिला। उनकी मां ही उन्हें बिरसानगर में स्थानीय तीरंदाजी कोच के पास लेकर गईं, जहां से उनके करियर की शुरुआत हुई। साल 2012 में कोमालिका ने अपने शुरुआती संघर्षों का सामना करना शुरू किया। शुरुआती दिनों में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वे अभ्यास के लिए धनुष खरीद सकें, इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बांस से बने अस्थाई धनुष का सहारा लिया। प्रशिक्षण शुरू करने के चार साल बाद कोमालि. का ने जमशेदपुर स्थित टाटा आर्चरी अकादमी में प्रवेश लिया और कोच धर्मेंद्र तिवारी तथा पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में अभ्यास शुरू किया। लेकिन देश की इस प्रतिष्ठित अकादमी तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें अपने बिरसानगर स्थित घर से रोजाना 18 किलोमीटर साइकिल चलाकर वहां पहुंचना पड़ता था। वह कहती हैं, ष्जब मैंने तीरंदाजी शुरू की थी, तब मेरे कई सीनियर खिलाड़ी थे जिन्हें मैं रोल मॉडल मानती थी। हमें उन्हें आमतौर पर सिर्फ प्रतियोगिताओं के दौरान देखने का मौका मिलता था और इससे हमें काफी प्रेरणा मिलती थी। यही एक बड़ा कारण है कि मैं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रही हूं।

---

# जिरी को हराकर यानिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा/अमेरिका, वार्ता।** यानिक सिनर ने जिरि लेहे. का को 6- 4, 6- 4 से हराकर मियामी ओपन पुरूष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही सिनर पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए है जिन्होंने 'सनशाइन डबल' पूरा किया। उन्होंने कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स और फ्लोरिडा के हार्ड कोर्ट पर बिना कोई सेट हारे दोनों ट्रॉफियां जीती हैं।

इटली के सिनर ने वर्षा बाधित मियामी फाइनल में चेक गणराज्य के 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जिरी लेहेका पर सिनर की 6-4, 6-4 की शानदार जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह और अल्काराज बाकी खिलाड़ियों से कितने आगे हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अब मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 34 सेट जीते हैं। इसके साथ ही वह नोवाक जोकोविच



और राफेल नडाल के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं,

जिन्होंने ग्रैंड स्लैम के बाद के स्तर के टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीते हैं। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए एक शानदार दौर रहा है और मैं इस मुकाम तक पहुंचने के लिए हमने जो मेहनत की है, उससे मैं बेहद खुश हूं। इंडियन वेल्स से पहले हमने अभ्यास के लिए कुछ अच्छे दिन बिताए थे। इस तरह के नतीजे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, और साथ ही जिस स्तर का खेल हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और जिस तरह का खिलाड़ी हम बनने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखकर भी मुझे खुशी होती है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईसी के द्वार भाजपा

पांच राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, पश्चिमी बंगाल में चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें पुड्डुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है। यहां यह कहना जरूरी है कि सबसे ज्यादा घमासान पश्चिमी बंगाल में देखने में आ रहा है। वहां भाजपा और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी बेहद आक्रामक अंदाज में चुनाव प्रचार को हवा दे रहे हैं। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग को सीधे निशाने पर ले रही हैं। वह यहां तक कह रही हैं कि भाजपा के साथ साठगांठ कर चुनाव आयोग किसी भी तरह से टीएमसी को हराने में लगा है। वह धमकी देती भी दिखाई देती हैं जिसमें कहती हैं कि सरकार टीएमसी की ही बन रही है। भाजपा भी टीएमसी पर जमकर बरस रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का सीधे आरोप लगा रही है। अपनी बात को सिद्ध करने के लिए सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भी चुनाव आयोग से मिला है, जिसमें बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों के घरों में जाकर धमका रही हैं और उन्होंने प्रशासन और पुलिस की मदद से पूरे चुनाव को हाईजैक कर लिया। भाजपा नेताओं का यहां तक कहना है कि पिछले चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने दबाव और दादागिरी से सत्ता हासिल की थी। भाजपा के नेता चाहते हैं कि चुनाव आयोग पश्चिमी बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में लेकर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। बताया जाता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष व शांति से चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। जैसाकि हम जानते हैं कि यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब पूरे देश में एसआईआर कराया जा रहा है और बड़े पैमाने पर वोटों की छंटनी दिखाई देती है। पश्चिमी बंगाल भी इससे अछूता नहीं है। वहां भी लगभग 70 लाख मतदाता मतों से वंचित कर दिए गए हैं। ऐसा टीएमसी का आरोप है। जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ऐसा नहीं मानते। उन्होंने कहा है कि बड़ी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ एसआईआर किया गया है। चुनाव आयोग के दावे कुछ भी हों, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम विपक्षी दल एसआईआर को लेकर आश्वस्त नहीं दिखते और ममता बनर्जी तो एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बेहद आक्रामक रही हैं और वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं और खुद ही वकालत कर डाली। जाहिर है यह तमाम बातें बताने के लिए काफी हैं कि चुनाव आयोग के सामने इस समय साख का बड़ा संकट है और यदि उसको अपनी साख बचानी है, तो वह निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराकर ही बचाई जा सकती है। चुनाव आयोग को इन आरोपों से बचना होगा, जो उस पर भाजपा की निकटता को लेकर लगते रहे हैं।

## नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं



देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं, उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं, तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है, हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी- एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अहिंसा का शाश्वत संदेश : क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर



**योगेश कुमार गोयल**



अहिंसा परमो धर्म: का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है।

ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदाई है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वत: समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दु:ख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है।

आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुन: जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है।

यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अत: यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

# गाजर के डंठल-छिलकों से खाद्य सामग्री का निर्माण

**पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होती कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं।**

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ रही है, ज्यादा दिन चलने वाले और पौष्टिक खाद्य की जरूरत भी बढ़ रही है। इस सम्बंध में, 2024 में लुबिस एवं साथियों द्वारा संपादित पुस्तक बायोमास कन्वर्जन एंड सस्टेनेबल बायोरिफाइनरी पठनीय है। यह किताब जैविक पदार्थ बायोमास अपशिष्ट का अन्य रूप में उपयोगी इस्तेमाल और बायोरिफाइनरी इस्तेमाल में हुई हालिया तरक्की पर प्रकाश डालती है, और प्रबंधित पुनर्उपयोग से जैविक अपशिष्ट और उप-उत्पादों को कम करने के तरीकों पर चर्चा करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, जैविक कचरे को खाद्य उत्पादों में तब्दील करने के तरीके खोजना आवश्यक होता जा रहा है।

हमारे भोजन में कई तरह की सब्जियां, अंडे और मांस शामिल होते हैं। इनको पकाने के लिए काटते या साफ करते समय हम इनका अखाद्य हिस्सा छीलकर या छांटकर अलग करते हैं और कचरे की तरह फेंक देते हैं। गाजर के साथ भी हम यही करते हैं, इसका छिलका, ऊपरी नोंक और डंठल तरफ का हिस्सा हम छील-काटकर अलग कर देते हैं। गाजर के कुछ हिस्सों से हम मिठाई भी बनाते हैं और बाकी हिस्सा खाने लायक न होने के कारण फेंक देते हैं, जो बर्बाद ही जाता है। उपरोक्त पुस्तक में गगन जे। कौर और साथियों का आलेख इस मुद्दे पर विस्तार से बात करता हैय शीर्षक है 'असेसमेंट ऑफ कैरट रिजेक्ट्स एंड वेस्ट्स फॉर फूड प्रोडक्ट एंड एज ए बायोफ्यूल'। इसी संदर्भ में, दिसंबर 2025 में जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एंड फूड केमिस्ट्री में जर्मनी की गीसेन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड केमिस्ट्री के मार्टिन गैंड के नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक दल का शोध पत्र छपा था। यह अध्ययन गाजर के कचरे से कवक पनपाने की बात करता है। कवकों फफूंद के पोषण प्राप्त करने के तरीके पौधों और जंतुओं से सर्वथा अलग हैं।

पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं। और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं। बताते चलें कि मायसेलिया कवक में जड़ जैसी संरचना होती है जो तंतुनुमा जाल बनाती है। पोषण हासिल करने का अनोखा तरीका उन्हें विभिन्न पर्यावरणों में पनपने के काबिल बनाता है और उनकी पारिस्थितिक भूमिकाओं को मजबूत करता है। कवक में लगभग हर जैविक चीज को अपघटित करने की जबरदस्त क्षमता भी होती है, जिसमें वह खाद्य कचरा भी शामिल है जिसे हम पचा नहीं पाते। कवक का एक आम उदाहरण मशरूम है, जिसका इस्तेमाल शोरबा, तरी, पास्ता और पिज्जा बनाने में किया जाता है।

यह पूरी तरह से शाकाहारी खाद्य है और इसमें विटामिन तथा एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। मशरूम ऐसे कवक हैं जो उपलब्ध बाहरी पोषक तत्वों का इस्तेमाल करके पनपते हैं, जिनमें खाद्य कचरा भी शामिल है। हमारे आहार में भी मशरूम शामिल हो सकते हैं। दिसंबर 2025 में एक शोध समूह ने विभिन्न देशों के 100 से ज्यादा तरह के मशरूम का परीक्षण किया और पाया कि वे गैर-खाद्य कचरे को उपयोगी बनाने में काफी असरदार हैं। शोधकर्ताओं ने गाजर के कचरे पर अध्ययन केंद्रित किया, और देखा कि कवक उन्हें कैसे पचाते हैं और उससे खाने लायक चीजें बनाते हैं। उदाहरण के लिए, टीम ने गाजर के छिलके वगैरह पर पनपाए गुलाबी ओइस्टर मशरूम के मायसेलिया से वीगन पैटीज बनाई। ए वीगन पैटीज कुछ व्यंजनों में सोया की जगह इस्तेमाल की जा सकती हैं। हममें से कई लोग अपने भोजन में कई तरह से गाजर खाते हैंय जैसे सब्जी बनाकर, सलाद में या गाजर का हलवा वगैरह बनाकर। लेकिन रसोइए और आहारविद सलाह देंगे कि हमें इन व्यंजनों में मशरूम का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि ए सेहत के लिए फायदेमंद हैं। कवक की मदद से खाद्य कचरे को प्रोटीन और विटामिन युक्त खाद्य में बदलकर भविष्य में शायद खाद्य सुरक्षा हासिल की जा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**
**डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**

# शाहजहांपुर में क्यों हुआ शहीदों का अपमान?



**रोहित कौशिक**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाओं को ध्वस्त कर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब इस मुद्दे पर हंगामा हुआ तो प्रशासन ने पुन: इन प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया। शहीदों के इस अपमान से कई सवाल खड़े हो गए है। क्या इस देश में देश पर मर-मिटने वाले क्रान्तिकारियों के साथ न्याय हो पाया है ? क्या इस देश ने आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों को वह सम्मान दिया है, जिसके वे हकदार थे? एक तरफ सरकारें क्रांतिकारियों का नाम जपती रहीं तो दूसरी तरफ जनता क्रान्तिकारियों के गीत गाती रही लेकिन न ही सरकारों ने और न ही जनता ने क्रान्तिकारियों के जज्बे के साथ न्याय किया। एक तरफ क्रान्तिकारियों के लिए भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती रहीं तो दूसरी क्रान्तिकारियों को याद करना सिर्फ औपचारिकता रह गई। सरकारें राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति और देशद्रोह का पाठ पढ़ाती रहीं लेकिन स्वयं ही देशभक्त क्रान्तिकारियों का अपमान करती रहीं। राष्ट्रभक्ति का नारा लगाने वाली सरकार में आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रान्तिकारियों का सम्मान तार-तार कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस यानी 23 मार्च की रात्रि में उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रान्तिकारियों का ऐसा अपमान किया कि एक सच्चे देशभक्त का खून खौल जाए। लेकिन जब इस दौर में देशभक्ति भी नकली हो और खून पानी हो तो सत्ता के सामने देशभक्तों की आवाज कैसे निकल सकती है ? इस दौर में जबकि देशभक्ति का अर्थ मुसलमानों को गाली देना ही रह गया हो, सच्ची देशभक्ति की भावना कहां दिखाई देती है ? शहाजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों को फांसी दे दी। उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर ने शहाजहांपुर में शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को मलबे में तब्दील कर दिया। बेशर्मी देखिए कि रात के अंधरे में ध्वस्त किए गए इन अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया? दिन में इन्हें क्यों ध्वस्त नहीं किया गया ? स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर शासन और प्रशासन ने छिप कर खेल खेला। बाद इस मुद्दे पर लीपापोती कर कार्रवाई की बात की गई। सवाल यह है कि कार्रवाई किस पर होगी ? क्या उत्तर प्रदेश में सरकार की हरी झंडी के बिना कुछ हो सकता है ? प्रतिमाओं के ध्वस्त होने के बाद जब हंगामा बढ़ा तो कहा जा गया कि नई प्रतिमाए लगाई जाएंगी। सवाल यह है कि नई प्रतिमाएं लगाने की जरूरत ही क्या थी ? प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी का कहना कि इन प्रतिमाओं का कलात्मक पक्ष भी बहुत मजबूत था। तो फिर इन प्रतिमाओं को ध्वस्त करने की क्या जरूरत थी? अगर ये प्रतिमाए ध्वस्त करनी ही थीं तो इन्हें सम्मान के साथ ध्वस्त क्यों नहीं किया गया? क्यों इन प्रतिमाओं के ध्वस्त अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउन्ड में फेंक दिया गया ?

> जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया?

विद्यार्थी जी ने बताया कि ये तीनों प्रतिमाएं स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष यानी 1972 में तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष वासुदेव गुप्ता ने स्थापित कराई थी जो 1942 के आन्दोलन में जेल भी गए थे। उसी समय इन शहीद प्रतिमाओं के दक्षिण की ओर मैदान में शहीद द्वार का निर्माण कराकर स्वतंत्रता सेनानी और साथी साप्ताहिक के संपादक श्याम सिंह बागी ने शहीद मेला का आयोजन किया, जिसका उदघाटन पेशावर क्रांति के नायक चंद्र सिंह गढ़वाल ने किया था। क्या सौंदईकरण के नाम पर शहीदों का इस तरह अपमान किया जाएगा ? इस दौर में सौंदईकरण के नाम अनेक शहरों के पुराने और ऐतिहासिक महत्व के भवनों और मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाराणसी में सौंदईकरण के नाम पर अनेक मंदिरों को तोड़ दिया गया। निश्चित रूप से सौंदईकरण होना चाहिए लेकिन सरकारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विकास की प्रक्रिया में देश के लिए मर मिटने वालो शहीदों की प्रतिमाओं और ऐतिहासिक इमारतों को भी संरक्षित किया जाए। विकास के नाम अपने अतीत को भूलना ठीक नहीं है। इस दौर में नई पीढ़ी सोशल मीडिया की गिरफ्त में है। नई पीढ़ी को सोशल मीडिया की गिरफ्त से बाहर निकालने और अपने इतिहास की भूली कड़ियों की याद दिलाने के लिए ऐतिहासिक महत्व की चीजें काफी मददगार हो सकती हैं। लेकिन इस दौर में इतिहास की चिंता सिर्फ राजनीति के लिए की जा रही है। जरूरत इस बात की है आज इतिहास की चिंता नई पीढ़ी में सच्ची देशभक्ति पैदा करने के लिए होनी चाहिए। सिर्फ नारे लगाकर देशभक्ति नहीं की जा सकती। सच्ची देशभक्ति के लिए जरूरी है कि नई पीढ़ी आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को समझे। विकास की इस प्रक्रिया में क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को भुलाने की कोशिश की जा रही है। विडम्बना यह है कि शहीदों को यह अपमान राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रभक्त जैसे शब्दो का रोज इस्तेमाल करने वाली सरकार में किया जा रहा है। हमारे देश में बहुत पहले से ही क्रान्तिकारियों को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार में तो हद ही हो गई। अब तो खुले आम क्रान्तिकारियों को जमीन में गाड़ दिया गया। हालांकि इस मुद्दे पर हंगामा बढ़ने के बाद इन प्रतिमाओं को पुन: स्थापित कर दिया गया है, लेकिन शहाजहांपुर में शहीदों का अपमान क्यों हुआ? यह सवाल तो अपनी जगह बना ही रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान-पाक में फिर संघर्ष, एक की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सरकार ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने रविवार को देश के कुनार प्रांत के असदाबाद शहर के बाहरी इलाकों पर गोलाबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच फरवरी से टकराव बढ़ा हुआ है। इसे पिछले कई दशकों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे गंभीर टकराव माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान के अंदर हमले करते हैं।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ धन शोधन की जांच तेज

**नई दिल्ली।** नेपाल के धन शोधन जांच विभाग के अधिकारियों ने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच तेज कर दी है। 'द काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में उनके वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों में विसंगतियां पाए जाने के बाद की गई है। डीएमएलआई ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो के सहयोग से पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के साथ-साथ पूर्व मंत्री आरजू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की है।

### सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए: कुब्रा सैत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मीडिया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। कुब्रा सैत ने कहा कि असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं।



**मुंबई। आपूर्ति वितरण के दौरान खाली एलपीजी गैस सिलेंडरों के साथ भरे हुए सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।**

## इजरायली सेना का तेहरान में सैन्य ठिकानों पर नए हमलों का दावा


**यरूशलेम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि वह तेहरान पर लक्ष्य साधकर उसके सैन्य ठिकानों पर नए हमले कर रहा है।आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ष्इजरायली रक्षा बल वर्तमान में पूरे तेहरान ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी सैन्य ढांचों पर हमले कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए। इसके बाद ईरान ने इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए।

# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की मध्यस्थता को पाक तैयार: डार

## इशाक डार की इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान,



■ पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की

किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर अपना भरोसा जताया है, जो आने वाले दिनों में होगी। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डार ने बढ़ते तनाव के बीच शांति तक पहुंचने के एकमात्र व्यावहारिक रास्ते के रूप में कूटनीति की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों और पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति को शांत करने और संघर्ष का समाधान खोजने के अपने प्रयासों में अमेरिकी नेतृत्व के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मंत्री चतुष्पक्षीय बैठक समाप्त होने के बाद पाकिस्तान से रवाना हो गए हैं। डार ने बताया कि इस बैठक के बाद प्रत्येक मंत्री के साथ अलग-अलग बहुत ही सार्थक द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरते हुए, पाकिस्तान उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों के साथ कूटनीतिक रूप से अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि उनके ये सार्वजनिक प्रयास हफ्तों की खामोश कूटनीति के बाद सामने आए हैं, हालांकि अब तक न तो ईरान और न ही अमेरिका ने बातचीत करने में बहुत ज्यादा इच्छा दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब तक कूटनीति और बातचीत करने के प्रयासों को लेकर अमेरिका की गंभीरता के बारे में मिले-जुले संकेत दिए हैं।

# जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का दे सकते है आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक समझदार शासन के साथ गंभीरता से बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है।

उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिकी अखबार द वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। इस बीच, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3500 से ज्यादा सैनिक पहले ही वहां पहुंच चुके हैं। 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे। इसमें से 2500 मरीन सैनिक थे। यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानि कि शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए धीरे-धीरे शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। माना जा रहा है कि ईरान का बड़ा परमाणु भंडार उन पहाड़ी ठिकानों के मलबे के नीचे दबा है, जिन्हें अमेरिका ने बमबारी में निशाना बनाया था। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी के मुताबिक, यह यूरेनियम इस्फहान की अंडरग्राउंड टनल और नतांज जैसे ठिकानों पर हो सकता है।

ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि हमलों में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह तबाह हो गया, लेकिन अब माना जा रहा है कि काफी यूरेनियम नष्ट नहीं हुआ, बल्कि मलबे के नीचे दब गया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि ज्यादातर यूरेनियम मलबे के नीचे दबा है और अभी उसे निकालने का कोई प्लान नहीं है। साथ ही, ईरान के पास अभी भी ऐसी मशीनें हैं, जिनसे वह यूरेनियम को और शुद्ध बना सकता है और नए गुप्त ठिकाने भी बना सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने भी कहा था कि लगभग सारा 60 प्रतिशत समृद्ध यूरेनियम मलबे के नीचे दबा हुआ है और अभी उसे निकालने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के पास अभी भी यूरेनियम को और समृद्ध करने के लिए सेंट्रीफ्यूज मशीनें हैं और वह नए अंडरग्राउंड ठिकाने भी बना सकता है। ट्रम्प और उनके कुछ सहयोगियों का मानना है कि एक सीमित और टारगेटेड आपरेशन के जरिए इस परमाणु सामग्री को कब्जे में लिया जा सकता है, जिससे युद्ध लंबा नहीं खिंचेगा और अप्रैल के मध्य तक इसे खत्म किया जा सकता है। ट्रम्प खुद भी लंबे युद्ध से बचना चाहते हैं, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी चाहते हैं कि वे ध्यान घरेलू मुद्दों और आने वाले चुनावों पर दें, जहां रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान का खतरा बताया जा रहा है। एक्सपर्ट ट्रम्प के यूरेनियम हासिल करने के लिए जमीनी आपरेशन शुरू करने की योजना को मुश्किल और खतरनाक मानते हैं। उनका कहना है कि इसके लिए बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिकों को ईरान के अंदर भेजना पड़ेगा।



■ ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं
■ अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है
■ 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे

### ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को किया गया नष्ट: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को 'खत्म या फिर पूरी तरह से नष्ट' कर दिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि ईरान में बड़ा दिन। हमारी महान सेना ने कई लंबे समय से वांछित लक्ष्यों को खत्म और नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने न तो विस्तार से जानकारी दी और न ही लक्ष्यों की पहचान की। एक संबंधित घटनाक्रम में, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि 29-30 मार्च की रात को अदचित अल कुसैर में एक गोला फटने से संयुक्त राष्ट्र का एक शांति रक्षक मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने शांति रक्षक की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया। इसने यह भी नहीं बताया कि गोला किसने दागा था। एजेंसी ने कहा कि हमें गोले के स्रोत का पता नहीं है। हमने सभी परिस्थितियों का निर्धारण करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### ईरान के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे है। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का जक्रि करते हुए पत्रकारों से कहा कि हम उनके साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष बहुत जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि ईरान अमेरिका के शांति समझौते की ज्यादातर शर्तो सहमत हो गया है, लेकिन हम इससे ज्यादा चाहते है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला करना शुरू कर दिया। ईरान इजरायली इलाके के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमले कर रहा है।

### भारतीय राजदूत ने कुवैती अधिकारियों से की मुलाकात

**कुवैत सिटी।** कुवैत की भारतीय राजदूत परिमिता त्रिपाठी ने सोमवार को कुवैत के केंद्रीय शवगृह का दौरा किया। जल शोधन इकाई पर हुए हमले में जान गंवाने वाले एक भारतीय नागरिक का यहां पार्थिव शरीर रखा गया है। राजदूत ने यहां जनरल डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल एविडेंस के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से मुलाकात की। उन्होंने कुवैती अधिकारियों से मिली त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। भारतीय दूतावास मृतक के परिवार के साथ निरंतर संपर्क में है और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। कुवैत सरकार के अनुसार, सोमवार (30 मार्च) को कुवैत के एक विद्युत एवं जल शोधन ईकाई पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। विद्युत एवं जल मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में संयंत्र के सेवा भवन को भी नुकसान पहुंचा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम सात भारतीय नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और एक के लापता होने की खबर है।

## ईरान के हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त: आईएईए

■ ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान में खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चालू हालत में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) का इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में परमाणु विखंडन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। यह परमाणु रिएक्टर में न्यूट्रॉन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईएईए ने कहा कि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है। एजेंसी के अनुसार, 'उपग्रह चित्रों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है और यह अब कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था। चूंकि वहां कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं थी, इसलिए विकिरण का कोई खतरा नहीं देखा गया। खोंदाब संयंत्र मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में अराक शहर से 55 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित है और यह अराक परमाणु परिसर (जिसे आईआर-40 सुविधा के रूप में भी जाना जाता है) का हिस्सा है। ईरान ने यह भी बताया कि खुजेस्तान स्टील उत्पादन कारखाने पर भी हमले हुए, जहां सीलबंद कोबाल्ट-60 (सीओ 60) और सीजयिम-137 (सीएस 137) जैसे रेडियोधर्मी तत्वों का उपयोग किया जाता है, हालांकि वहां से भी कोई विकिरण नहीं फैला। इसके अलावा, बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षेत्र में भी हमले की सूचना मिली है, जो 10 दिनों में ऐसी तीसरी घटना है। आईएईए के मुताबिक, चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं हुआ है और संयंत्र की स्थिति सामान्य है।

## दक्षिणी सूडान में सोने की खदान में झड़प

■ अज्ञात हमलावरों ने 70 से ज्यादा लोगों की हत्या की

**जुबा।** दक्षिणी सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में स्थित एक सोने की खदान पर हुए हमले में 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। बताया जा रहा है, यह हमला खदान के अंदर हुए विवाद के बाद किया गया था।

घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें खुले मैदान में कई शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार के मुताबिक, कई अन्य लोग जान बचाने के लिए जंगलों की ओर भाग गए हैं। बताया जा रहा है कि सेंट्रल इक्वेटोरिया राज्य के जेबेल इराक इलाके में स्थित यह खदान पहले भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पों का केंद्र रही है। पुलिस प्रवक्ता क्वाजिज्वोक डोमिनिक अमोंडोक ने कहा कि हमले के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी तक मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने जेबेल इराक स्थित सोने की खदान पर हमला किया। 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। वहीं, सूडान पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की निंदा की है और इसके लिए सरकारी बलों को जिम्मेदार ठहराया है।

## लेबनान में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख ने छोड़ा घर: यूनिसेफ

**बेरूत।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

प्रभावित लोगों में 370000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19000 बच्चे अपना घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है कि मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजरायल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले 'गाजा मॉडल' को दोहराने के अपने देश के घोषित प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। इनमें से कई दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं। सहायता समूहों ने इस स्थिति को बेहद अराजक और अस्थिर करने वाला बताया है।



■ मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

## इजरायल ने सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन को किया सस्पेंड

**तेल अवीव।** वेस्ट बैंक में सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी और हिरासत मामले में इजरायली सेना ने पूरी बटालियन को सस्पेंड किया और रिजर्व बटालियन की आपरेशनल गतिविधियां भी रोक दीं। यह बटालियन नेत्जाह यूनिट का हिस्सा है। सेना के मुताबिक बटालियन को तुरंत वेस्ट बैंक से हटाकर ट्रेनिंग पर भेजा गया है और जांच पूरी होने तक यह किसी आपरेशन में शामिल नहीं होगी। यह घटना पिछले हफ्ते फलस्तीनी गांव तायासिर में हुई, जहां सीएनएन टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। आरोप है कि सैनिकों ने टीम को हिरासत में लिया और एक फोटो जर्नलिस्ट से मारपीट की, जिससे उसका कैमरा टूट गया।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108